शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, शुक्रवार 14 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठः-8 मूल्यः-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 30



दिल्ली में 3 दिन में ही लोगों को गलती हो गया... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • रजत पाटीदार होंगे आरसीबी...

महाकुंभ पर अफजाल अंसारी के बिगड़े बोल
स्वर्ग हाउसफुल हो जाएगा और नर्क खाली

एजेंसी

गाजीपुर। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अफजाल अंसारी ने एक विवादित बयान में कहा कि कुंभ नहाने होड़ मची हुई है। लोगों का मानना है कि महाकुंभ में स्नान से उन्हे बैकुंठ मिलेगा, ऐसे में स्वर्ग जहां हाउसफुल हो जाएगा और नरक बिल्कुल खाली हो जाएगा।

शादियाबाद थाना क्षेत्र में 12 फरवरी बुधवार को रविदास जयंती के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सपा सांसद ने कहा महाकुंभ में स्नान करने की होड़ मची हुई है। ऐसा लग रहा है जैसे सभी लोग स्वर्ग में ही चले जाएंगे, जो हाउसफुल हो जाएगा। वहीं नरक बिल्कुल खाली रह जाएगा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के चलते सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। ट्रेनों में युवाओं द्वारा खिड़कियों के शीशे तोड़ दिए जा रहे हैं, पुलिस असहाय नजर आ रही है। इस दौरान उन्होंने मौनी अमावस्या पर मची भगदड़ का जिक्र करते हुए भी कहा कि लोग कुचल कर मर जा रहे हैं। गौरतलब है कि पूर्वांचल के बाहुबली स्वर्गीय मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी ने लगभग 2 महीने पूर्व भी इसी तरह का एक विवादित बयान देते हुए कहा था कि महाकुंभ में पूरी एक मालगाड़ी गांजा खप जाएगा। साधु संत केवल गांजा पीते हैं। उनके उक्त विवादित बोल को लेकर गाजीपुर पुलिस द्वारा एक मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। वहीं अब महाकुंभ पर उनके इस कटाक्ष की भी चर्चा होने लगी है।

मणिपुर में लगा राष्ट्रपति शासन

नौ फरवरी को सीएम बीरेन ने इस्तीफा दिया था, 21 महीने से जारी हिंसा में अब तक 300 से ज्यादा मौतें

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने गुरुवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया है। यह कदम मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा रविवार को अपने पद से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। सिंह का यह फैसला पूर्वोत्तर प्रांत में जातीय हिंसा के लगभग 21 महीने बाद आया था, जिसमें 250 से अधिक लोग मारे गए हैं। इस दौरान हजारों लोग विस्थापित भी हुए हैं। गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि राज्यपाल से मिली रिपोर्ट के आधार पर राष्ट्रपति इस नतीजे पर पहुंची हैं कि मणिपुर में ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिसमें यहां की सरकार भारत के संविधान के प्रावधानों के अनुसार नहीं चल सकती इसीलिए राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 356 में दी गई शक्तियों का इस्तेमाल कर यहां की शासन व्यवस्था अपने हाथों में ले रही हैं। बता दें कि राज्य में विधानसभा का अंतिम सत्र 12 अगस्त, 2024 को खत्म हुआ था। इससे पहले बीरेन सिंह ने 9 फरवरी को मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला को राजधानी इंफाल में अपना इस्तीफा सौंप दिया था। बीरेन सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र शुरू होने से एक दिन पहले ही इस्तीफा सौंप दिया था जिसके बाद बजट सत्र को रद्द कर दिया गया था। बीरेन सिंह ने अपने त्यागपत्र में कहा था, मणिपुर के लोगों की सेवा करना सम्मान की बात रही है। मैं समय पर कार्रवाई करने और मणिपुर के हर व्यक्ति के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार का बहुत आभारी हूं। बता दें कि इससे पहले बीरेन सिंह पर मणिपुर हिंसा में शामिल होने के दावे को लेकर एक ऑडियो टेप जारी हुआ था। इस्तीफा देने से 5 दिन पहले ही सुप्रीम कोर्ट ने इस लीक हुए ऑडियो टेप पर फोरेंसिक रिपोर्ट मांगी थी। ऑडियो टेप में कथित तौर पर बीरेन सिंह को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि राज्य में उन्होंने हथियारों को लूटने की इजाजत दी थी जिसके बाद विपक्ष ने कई सवाल उठाए थे। इस बीच मणिपुर में बीते डेढ़ साल से जारी हिंसा के बीच राजनीतिक अनिश्चितता बनी हुई है। सत्तारूढ़ भाजपा के नॉर्थ ईस्ट के प्रभारी संबित पात्रा और पार्टी विधायकों के बीच कई दौर की बातचीत के बावजूद गतिरोध कायम दिख रहा है।

सड़क हादसे में दो की मौत, 12 घायल

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी रोडवेज बस व कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बस चालक व एक यात्री की मौत हो गयी जबकि बस व कार सवार 10 श्रद्धालु घायल हो गये, जिसमें गंभीर घायल चार लोगों को हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार सुबह बताया कि बीतीरात नेशनल हाई-वे पर केशव ढाबा के पास यह हादसा उस समय हुआ जब महाकुंभ में स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं से भरी दो रोडवेज बसे और एक कार पर सवार यात्री अपने गंतव्य के लिए लौट रहे थे। सभी नेशनल हाई-वे पर केशव ढाबा पर खाना खाने के लिए रूके थे।

पद्मश्री लोक गायिका सुकरी बोम्मागौड़ा का निधन

कारवार। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रसिद्ध लोक गायिका सुकरी बोम्मागौड़ा का गुरुवार तड़के अंकोला तालुक के बडिगेरी स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। वह 91 वर्ष की थीं। गायिका को कर्नाटक की आदिवासी संगीत परंपराओं में योगदान के लिए जाना जाता है और वह उम्र संबंधी बीमारियों से पीड़ित थीं। सुश्री बोम्मागौड़ा हलाक्की वोक्कालिगा समुदाय की एक प्रमुख हस्ती थीं।उन्होंने अपना जीवन स्वदेशी लोक संगीत को संरक्षित करने के लिए समर्पित कर दिया, जिसमें 5,000 से अधिक गीतों का विशाल भंडार शामिल है। वह बोम्मागौड़ा हलाक्की की कोकिला के नाम से मशहूर थीं। उन्होंने कर्नाटक की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और शराब की खपत के खिलाफ आवाज उठायी की। सुश्री बोम्मागौड़ा ने हाल ही में उडुपी में सांस संबंधी समस्याओं का इलाज कराया था। आज सुबह लगभग चार बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनके पोते-पोतियां और एक बहू हैं।

वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट संसद में पेश

खड़गे ने कहा- हमारी आपत्तियां डिलीट कीं, शाह बोले- जो चाहें जोड़ लें, मेरी पार्टी को आपत्ति नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर मचे घमासान के बीच लोकसभा की कार्यवाही बृहस्पतिवार को विपक्ष के वॉकआउट के बाद 10 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया इनकम टैक्स बिल सदन में पेश किया। आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने पर सदन में विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति की रिपोर्ट पेश की गई और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विधेयक, 2025 प्रस्तुत किया। विपक्षी दलों ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट को लेकर तीखी नाराजगी जताई और सरकार पर संसदीय प्रक्रियाओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा, 655 पन्नों की रिपोर्ट पढ़ने के लिए हमें केवल एक रात दी गई, हमें अपनी आपत्तियां रखने का पर्याप्त समय नहीं मिला। यदि बैठक के मिनट्स को देखें, तो पाएंगे कि क्लॉज-दर-क्लॉज चर्चा नहीं हुई, जबकि यह सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। इसे नजरअंदाज किया गया।

अध्यक्ष किसके दबाव में काम कर रहे हैं? इसी के विरोध में हमने आज सदन से वाकआउट किया। भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा, गृह मंत्री ने आज सदन में एक मानक स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को वक्फ को लेकर जो असहमति है उसे नियम अनुसार सदन के पटल पर जोड़ दिया जाए। स्पीकर ने उसे जोड़ दिया मैं समझता हूं कि लोकतंत्र में इतने बड़े दिल से गृह मंत्री ने ये संवाद किया। ये भारत के इतिहास में ना देखने को मिला था ना मिल सकता है। ये अपने आप में बड़ा कदम है। भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, विपक्ष के लोगों को मैं विनम्रता से कहना चाहता हूं कि आप अपनी बात रख सकते हैं लेकिन आपकी बात मानी ही जाए, ये जरूरी नहीं है। अगर आपको अपनी बात मनवानी है तो जनता से वोट लेकर बहुमत में आएं... इस सच्चाई को अनदेखा नहीं किया जा सकता कि कई जगह वक्फ की ज़मीन पर मॉल और बाजार बने हुए हैं।

असदुद्दीन ओवैसी का तीखा हमला

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने भी इस विधेयक का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा, यह बिल न केवल असंवैधानिक है और संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 29 का उल्लंघन करता है, बल्कि यह वक्फ संपत्तियों को बचाने के लिए नहीं, बल्कि उन्हें नष्ट करने और मुस्लिमों से छीनने के लिए लाया गया है, हम इस बिल की निंदा करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि 70 प्रतिशत असहमति रिपोर्ट्स के संशोधित संस्करण में शामिल किए जाएंगी, लेकिन विपक्ष इसे पर्याप्त नहीं मान रहा है।

विपक्ष का रिएक्शन

सपा की सांसद डिंपल यादव ने कहा, जिस तरह विपक्षी सदस्यों द्वारा दिए गए असहमति नोट को वक्फ संशोधन विधेयक में शामिल नहीं किया गया, सरकार मनमाने तरीके से यह विधेयक ला रही है। वे ध्यान भटकाने के लिए सत्र के आखिरी दिन विधेयक लेकर आए हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी रिपोर्ट के संबंध में कहा, बिल के संबंध में जो हमारा सुझाव था वह पूरी तरह से अनदेखा किया गया है, आज देश के सामने किसानों और रोजगार की समस्या है, इन पर से ध्यान हटाने के लिए इस तरह का बिल लाया गया है। इस बजट में हमारे किसानों के लिए कुछ नहीं है, इस बजट पर चर्चा न हो इसलिए यह बिल लाया गया है, हमने इस बिल का विरोध ही नहीं बल्कि बहिष्कार भी किया है, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट को लेकर कहा, हम वक्फ (संशोधन) विधेयक की मुखालफत करते हैं। हम चाहते हैं कि वक्फ विधेयक में संशोधन न किया जाए। विपक्ष के सांसदों ने भी अपनी आपत्तियां रखी थी।

अश्लील जोक्स मामलाः साइबर सेल ने समय रैना को दूसरी बार भेजा समन

एजेंसी

मुंबई। समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में रणवीर इलाहाबादिया के दिए अभद्र कमेंट्स को लेकर मामला गर्माता जा रहा है। मामले को लेकर महाराष्ट्र साइबर सेल ने गुरुवार को समय रैना को दूसरी बार समन भेजा। साइबर सेल ने समय रैना को 17 फरवरी को जांच अधिकारी के सामने पेश होने का निर्देश दिया है। समय रैना के वकील ने साइबर सेल को बताया था कि समय रैना अमेरिका में हैं और वह 17 मार्च को देश लौटेंगे।

वहीं, साइबर सेल ने समन भेजकर रैना को 17 फरवरी को पेश होने का निर्देश दिया है। इससे पहले साइबर पुलिस ने बुधवार को शो में शामिल 40 लोगों की पहचान करने का दावा किया था। महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने सिद्धार्थ तेवतिया (बप्पा) को भी तलब किया और अपना बयान दर्ज कराने को कहा है। तेवतिया शो में बतौर जज शामिल थे। शो में शामिल होकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने और अश्लीलता के लिए साइबर पुलिस पहचाने गए अन्य लोगों को भी समन भेजेगी। इस लिस्ट में रणवीर इलाहाबादिया, समय रैना, राखी सावंत, महीप सिंह, दीपक कलाल समेत अन्य मेहमानों के नाम शामिल हैं।

शो में शामिल सभी मेहमानों के एपिसोड वीडियो की जांच की जाएगी, जिन मेहमानों ने अश्लीलता और अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है, उन पर कार्रवाई की जाएगी। मामले में महाराष्ट्र साइबर पुलिस शो के प्रायोजकों से भी पूछताछ करेगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र साइबर पुलिस ने यूट्यूब से सभी 18 एपिसोड हटाने को कहा है। मामले में प्रतिभागियों को आरोपी बनाया जा सकता है। वहीं, दर्शकों को गवाह के तौर पर शामिल किया जाएगा।

आचार्य सत्येन्द्र दास को सरयू में दी गयी जल समाधि

शकुन टाइम्स संवाददाता

अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास के पार्थिव शरीर को गुरुवार को सरयू नदी में जल समाधि दी गई। पुजारी की अंतिम यात्रा उनके रामघाट स्थित सत्यगोपाल धाम मंदिर से गाजे-बाजे संग निकाली गई। जो रामनगरी के मार्गों से होते हुए सरयू नदी के किनारे शमशान घाट पहुंची।

जहां पुजारी सत्येंद्र दास को सरयू में जल समाधि दी गई। राम मंदिर गेट से लेकर हनुमानगढ़ी, लता मंगेशकर चौक तक अंतिम यात्रा निकाली गयी, जिसमें अयोध्यावासियों के साथ साधु संत के अलावा मंत्री सतीश शर्मा, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामदिनेशाचार्य, पूर्व सांसद रामविलास दास वेदांती, श्रीमहंत धर्मदास, महंत गौरीशंकर दास, नाका हनुमानगढ़ी महंत रामदास, अयोध्या विधायक वेदप्रकाश गुप्ता, महंत राघवेश दास वेदांती, महंत भूषण दास, महंत जयराम दास, महंत माधवदास, महंत रामकरन दास, महंत सीताराम दास, नीरज शास्त्री, नारायण मिश्रा, प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा सिंह, श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारी, बब्लू खान, भाजपा नेता परमानंद मिश्रा, पुजारी प्रेम दास हजारों की संख्या में संत-महंत, रामभक्त शामिल रहे। अंतिम संस्कार उनके शिष्य पुजारी प्रदीप दास ने किया। बुधवार को पुजारी सत्येंद्र दास का लखनऊ के पीजीआई अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था। उन्हे ब्रेन स्ट्रोक के चलते तीन फरवरी को पीजीआई में भर्ती कराया गया था, जहां 12 फरवरी को उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके निधन से पूरी रामनगरी में शोक की लहर छा गई। निधन से हर कोई गमगीन था। पुजारी के आश्रम पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। संत-महंतों से लेकर राजनेता, आम नागरिकों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर अंतिम विदाई दी। पुजारी सत्येंद्र दास का जीवन रामलला के लिए समर्पित रहा। जहां उन्होंने 1992 से लेकर अब तक लगभग 32 वर्षों तक रामलला की सेवा किया।

महाकुंभ मेले में फिर आग ने मचाई तबाही

प्रयागराज। प्रयागराज के महाकुंभ मेला क्षेत्र में गुरुवार दोपहर एक बड़ा हादसा हो गया। नागवासुकी के पास एक शिविर के टेंट में अचानक आग लग गई। अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दो टेंट पूरी तरह जलकर खाक हो चुके थे। नागवासुकी क्षेत्र में बिन्दु माधव मार्ग पर पुलिस का कैंप बना है, जहां सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं।

गुरुवार दोपहर अचानक एक टेंट में आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। हालांकि, दो टेंट पूरी तरह जल गए और उनमें रखा सारा सामान भी नष्ट हो गया।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स — निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

YouTube shakuntimes

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकारी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsApp करें।

9935781155, 9415052283

किसान संगठित रहेंगे, तब ही सुरक्षित रहेंगे

एमएसपी को लेकर राकेश टिकैत ने किया देशव्यापी आंदोलन का आह्वान

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आगरा में निजी बिजली कंपनियों पर 40 लाख रुपये तक का बकाया बिजली बिल भेजकर किसानों को लूटने का आरोप लगाया। एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने सरकार से इन बिलों को माफ करने का आग्रह किया और मांग पूरी नहीं होने पर विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दी। टिकैत ने आलू के लिए कोल्ड स्टोरेज किराए में बढ़ोतरी पर भी चिंता जताई और कहा कि इससे किसानों पर बोझ पड़ रहा है। टिकैत ने कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाले कानून से आगरा और आसपास के क्षेत्रों में आलू और सरसों किसानों को फायदा होगा। उन्होंने सरकार की भूमि अधिग्रहण नीति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अधिकारी सर्किल रेट बढ़ाए बिना जमीन का अधिग्रहण कर रहे हैं, जिसे वह अनुचित मानते हैं। इसके अलावा राकेश टिकैत ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर देशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया। नगरपालिका मैदान में सभा को संबोधित करते हुए टिकैत ने किसानों से अपनी जमीन न बेचने और परिवार के कम से कम एक सदस्य को आंदोलन के लिए तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "अगर प्रत्येक परिवार दस दिन आंदोलन के लिए और बीस दिन खेती के लिए समर्पित करता है तो उनकी जमीन सुरक्षित हो जाएगी।" टिकैत ने दावा किया कि बिहार में किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा, "पूरे देश में पॉपकॉर्न के लिए इस्तेमाल होने वाला मक्का बिहार में पैदा होता है, लेकिन वहां के किसानों को केवल 12-14 रुपये प्रति किलो का भाव मिलता है। यही कारण है कि कई किसान बिहार छोड़कर मजदूरी के लिए पलायन कर गए हैं।" उन्होंने साफ तौर पर कहा कि किसान संगठित रहेंगे, तब ही किसान सुरक्षित रहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

सगाई समारोह में पथराव, दो गंभीर घायल

आगरा। आगरा के फ्तेहपुर सीकरी के गांव सिकरौदा में एक सगाई समारोह के दौरान पुरानी रंजिश के चलते हुए पथराव में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चंद्रवीर सिंह के दो पुत्रों की सगाई समारोह के दौरान पड़ोसियों ने अचानक ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। घटना में न केवल आयोजक परिवार बल्कि सगाई में आए रिश्तेदार भी हमले का शिकार हुए। पथराव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें कुछ लोग और महिलाएं पत्थर फेंकते हुए साफदिखाई दे रहे हैं। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित चंद्रवीर सिंह ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनके पड़ोसी इस शादी से खुश नहीं थे और पुरानी रंजिश के कारण उन्होंने यह हमला किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान के लिए वीडियो फुटेज का विश्लेषण कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्षों के बीच पहले से चली आ रही दुश्मनी इस घटना का मुख्य कारण है।

रिश्वत लेते लेखपाल गिरफ्तार, लेखपाल संघ में आक्रोश

बस्ती। जिले में एंटी करप्शन टीम ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सदर तहसील के लेखपाल वेद प्रकाश दुबे को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद जहां एक तरफलेखपाल संघ ने इसे फर्जी कार्रवाई बताते हुए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शन के दौरान लेखपाल संघ ने एंटी करप्शन टीम मुर्दाबाद के नारे भी लगाए।, वहीं एंटी करप्शन टीम ने दावा किया है कि उनके पास पुख्ता सबूत मौजूद हैं। एंटी करप्शन टीम के अनुसार, वेद प्रकाश दुबे के खिलाफलंबे समय से भ्रष्टाचार की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर यह ट्रैप ऑपरेशन किया गया। हालांकि, लेखपाल संघ का आरोप है कि टीम ने जमीन पर रखे पैसों को जबरदस्ती लेखपाल की जेब में डालकर उन्हें फंसाया है। गिरफ्तारी के बाद से सदर कोतवाली का माहौल तनावपूर्ण हो गया है, जहां लेखपाल संघ के कई सदस्य एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान लेखपाल संघ ने एंटी करप्शन टीम मुर्दाबाद के नारे लगाए। संघ ने चेतावनी दी है कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे आंदोलन करेंगे। स्थिति को देखते हुए सदर कोतवाली के आसपास भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। फ्लिहाल एंटी करप्शन टीम गिरफ्तार लेखपाल से पूछताछ कर रही है और मामले के हर पहलू की जांच में जुटी है। यह मामला तहसील से जुड़ा होने के कारण स्थानीय लोगों में भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

कंपनी में किया सुसाइड, पुलिस कंपनी अधिकारी और साथियों से कर रही पूछताछ

नोएडा। थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर 9 में स्थित एक कंपनी में काम करने वाले युवक ने गुरुवार सुबह को कंपनी के अंदर बाथरूम में फंदा लगाकर सुसाइड कर लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस कंपनी के लोगों पूछताछ कर रही है। थाना फेस-वन के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि दीप उम्र 32 साल सेक्टर 9 स्थित एक कंपनी में काम करता था। आज सुबह को पुलिस को सूचना मिली कि उसने कंपनी के अंदर पंखे से फंदा लगा लिया है। कंपनी का नाम ऑफ्शूट है। बताया गया कि दीप इस कंपनी में टीम लीडर था। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि युवक की मौत हो गई है।

पुलिस चौकी नरायनपुर में आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

शकुन टाइम्स संवाददाता

मिर्ज़ापुर। नरायनपुर पुलिस चौकी नरायनपुर परिसर में निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा के अध्यक्षता में आगामी त्योहार शब-ए- रात एवं शिवरात्रि त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक बुधवार को हुई जिसमें क्षेत्र के सभी प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं संभ्रांत ब्यक्ति मौजूद रहे।रात के दिन किसी प्रकार का कोई समस्या समाधान किया जा सके। उक्त मौके पर नहीं है।

निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा के आलावा बैठक में निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा द्वारा उपस्थित लोगों से आगामी शब-ए-रात एवं शिवरात्रि के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। नरायनपुर के ग्राम प्रधान दीपक कुमार ने बताया कि शिवरात्रि के दिन नरायनपुर में शिवबारात निकलता है। बैठक में मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा बताया गया कि शब- ए-रात को मुस्लिम समाज के लोग कब्रिस्तान पर जाकर फातेहा पढ़ते हैं तथा मजार पर जाकर फातेहा पढ़ते हैं। शब-ए-कहा आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर शान्ति पूर्वक त्योहार को मनाएं।

कहीं पर कोई समस्या आती है तो फौरन अदलहाट पुलिस व नरायनपुर चौकी पुलिस को सूचित करें ताकि समय रहते समस्या का पुलिस चौकी इंचार्ज नरायनपुर जयदीप सिंह समाजसेवी मनोज सिंह, ग्राम प्रधान अचीतपुर चन्दन चौरसिया,ग्राम प्रधान बरईपुर आलोक चौरसिया,राजू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कुरनी के बच्चों ने देखा कृषि विज्ञान केंद्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

बक्शा/जौनपुर। बच्चों ने जिज्ञासा वृद्धि वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के उद्देश्य से प्रेरित विज्ञान एक्सपोजर विजिट के रूप में चयनित विद्यार्थियों को श्यामिनी सिंह प्रधानाध्यापिका द्वारा हरी झंडी दिखा कर बच्चों को कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा के लिए लेकर आया गया। बच्चों के साथ विज्ञान शिक्षक सौरभ सिंह, सुमित्रा देवी, मनीषा सिंह चंदेल, शाहरुन्निशा, रामानन्द जायसवाल ने बच्चों को शैक्षिक सपोर्ट किया। डॉ सुरेश कनौजिया वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केंद्र बक्सा में सभी बच्चों को प्रशिक्षण हाल में विज्ञान एक्सपोजर विजिट के रूप में कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा संपादित होने वाले सभी कार्यों तथा कृषि के विकास में किसी विज्ञान केंद्र के योगदान के बारे में विशेष रूप से चर्चा की तथा उन्होंने चार वस्तुएं यथा भूमि, पर्यावरण, जल तथा संस्कार को बीमार बताया तथा इसी बीमारी को दूर करके भारत को फिर से विश्व गुरु बनने पर जोर दिया अंत में सभी बच्चों के साथ राष्ट्रगान हुआ और फिर वहां से सभी बच्चे अपने-अपने गंतव्य को प्रस्थान किये।

सेवा भारती द्वारा बाल संस्कार केन्द्र नन्दलाल का पूरा में संत रविदास जयंती का हुआ कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता

मछलीशहर /जौनपुर। मछली शहर के नन्दलाल का पूरा स्थित सेवा भारती द्वारा बाल संस्कार केन्द्र पर संत रविदास जयंती को धूम -धाम से मनाया गया। सर्वप्रथम सेवा भारती विभाग मंत्री कमला हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर आर बी चौहान ने संत रविदास जी पर माल्यार्पण किया और फिर दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमान धर्म राज गौतम द्वारा किया गया और संचालन धमेंद्र पटवा ने किया। कार्यक्रम में कमला हास्पिटल के डायरेक्टर डाक्टर आर बी चौहान, नगर प्रचारक दिनेश जी, नगर कार्यवाहक प्रचारक लव जी, दिनेश जी, विनोद जी, विष्णु जी, समाजसेवी पप्पू सिद्दीकी, समाजसेवी संतोष तिवारी, समाजसेवी सरफराज खान, कमला हास्पिटल के मैनेजर संजय कुमार सिंह एवं बाल संस्कार केन्द्र के समस्त बालक- बालिकाएं उपस्थित थे।

आंखों की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिये काम करती रहेगी संस्थाः आनन्द

हिन्दी भाषी फाउण्डेशन ने 28 लोगों का कराया मोतियाबिन्द का निःशुल्क ऑपरेशन

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। सरपतहां क्षेत्र के ईशापुर स्थित तिलक इण्टर कॉलेज में हिन्दी भाषी फ़ाउण्डेशन द्वारा निऱ्शुल्क शिविर लगाया गया था। जिसमें चिंहित 28 लोगों का मोतियाबिन्द का निःशुल्क ऑपरेशन कराया गया। बता दें कि बीते 8 व 9 फरवरी को उक्त स्थान पर दो दिवसीय निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया था। शिविर में 1450 लोगों ने आंखों की जांच करावायी। इस दौरान निःशुल्क चश्मा और दवाइयाँ वितरित किया गया। संस्थाध्यक्ष आनन्द सिंह बंटी ने बताया कि उक्त शिविर के पहले दिन 8 फ़रवरी को जिनका जांच में मोतियाबिंद निकला उन सभी मरीज़ों को 9 फ़रवरी को जिले के दिशा आई हॉस्पिटल भेजा गया। सभी का ऑपरेशन डॉ. वेंकटेश श्रीवास्तव ने सफलतापूर्वक किया। इसके बाद 9 फ़रवरी को जिनका मोतियाबिंद निकला उनका 10 फ़रवरी को ऑपरेशन कराया गया। यह कार्य हिन्दी भाषी फ़ाउण्डेशन के माध्यम से निरन्तर चल रहा है। मरीजों और क्षेत्रवासियों ने हिन्दी भाषी फ़ाउण्डेशन के अध्यक्ष आनन्द सिंह बंटी के इस कार्य की सराहना की है। संस्थाध्यक्ष श्री बंटी ने कहा कि ऑपरेशन कराकर आने के बाद मरीज़ों के चहेरे की ख़ुशी देखकर मन को शान्ति मिली। मेरा और मेरे कर्मठ साथियों का मनोबल बढ़ गया है। संस्था आगे भी आंखों की बीमारी से पीड़ित लोगों के लिये काम करती रहेगी और जांच कराकर ज़रूरतमन्दों का मोतियाबिन्द का ऑपरेशन कराती रहेगी।

बहला फुसला कर किशोरी को भगाने पर युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

अयोध्या। बाबा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव से एक 17 वर्षीय किशोरी दूसरे गांव के एक युवक के साथ फरार हो गई।किशोरी के पिता ने एक युवक पर अपनी पुत्री को बहला फुसला कर भगाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

पुलिस ने युवक पर मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।किशोरी के पिता ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री को ग्राम नौगवा डीह के प्रेम चंद बहला फुसला कर भगा ले गया।तहरीर में बताया कि आरोपी के पिता से जब इसकी शिकायत की तो उन्होंने भद्दी भद्दी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी।थानाध्यक्ष बाबा बाजार शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि प्रेम चंद के विरुद्ध धारा 137(2) 352 बी एन एस के तहत मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी गई है।

सेंड जॉर्ज पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव मनाया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

शाहगंज /जौनपुर। नगर के फैजाबाद रोड स्थित सेंट जॉर्ज पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश जौनपुर के जिला अध्यक्ष संजय अस्थाना द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संजय अस्थाना ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य हैं विद्यालयों में वार्षिक उत्सव होने से बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आती है कौन बच्चा कितना टैलेंट है उससे पता चलता है कार्यक्रम को मुख्य रूप से विक्रम सिंह राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला सहसंयोजक अभिषेक सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुये उन्होंने कहा कि वार्षिकोत्सव कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा झलकती है और बच्चों में आगे बढ़ने का उत्साह रहता है कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि शाहगंज कोतवाली के कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र एवं मेटल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर चंचल कुमार जायसवाल ने आए हुए सभी आगंतुओं के प्रति आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन शैलेश नाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर छात्र,छात्राओं के साथ ही उनको अभिभावकों ने मनमोहक कार्यक्रम देखा और जम कर तारीफ की।इस आयोजन को सफल बनाने में स्कूल के अध्यापक ,अध्यापिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

श्री खाटू श्याम महोत्सव मनाया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

मिर्ज़ापुर। नारायणपुर चौकी के समीप कृष्णा आइस कोल्ड स्टोरेज के प्रबंधक दामोदर शर्मा द्वारा खाटू श्याम महोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। महोत्सव में काशी के प्रसिद्ध खाटू श्याम भक्तों द्वारा संगीत पर महिलाओं पुरुषों बच्चों को नाचने झूमने पर मजबूर कर दिया । भक्ति की रसधारा में आए सभी भक्त सराबोर हो गए। भक्ति संगीत का कार्यक्रम देर रात चलता रहा। भक्ति संगीत के बाद श्री खाटू श्याम का भव्य आरती पूजन कर फलाहार, मेवा ,मिष्ठान का प्रसाद वितरण किया गया। महोत्सव में सभी भक्तों ने खाटू श्याम के भंडारे का प्रसाद भी बहुत चाव से लिया। महोत्सव में प्रबंधक दामोदर शर्मा ने काशी से संगीतज्ञों को अंगवस्त्र , पुष्प माला पहनाकर स्वागत ,अभिनंदन किया। महोत्सव में राकेश सिंह, अभिषेक सिंह, अभिनव सिंह, डा . प्रमोद उपाध्याय, डॉ.सत्यप्रकाश सिंह, डा. सीबी तिवारी, डा. अजित सिंह, संजय मिश्रा, पूर्व प्रधान कांता प्रसाद, कैलाश जायसवाल, केशर सिंह, जनार्दन जायसवाल,

फुटबाल टूर्नामेंट के दूसरे दिन के मैच मे गोरखपुर ने अकबरपुर को 2-0से हराया

कमेटी के अध्यक्ष मनीष सिंह की देख रेख में चल रहा हैं फुटबॉल प्रतियोगिता

शकुन टाइम्स संवाददाता

शाहगंज /जौनपुर। नगर के स्टार स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा का भव्य फुटबाल टूर्नामेंट श्रीरामलीला मैदान शाहगंज में चल रहा हैं। जिसमें दूसरे दिन विशिष्ट अतिथियों मे डॉ .सरफुद्दीन आज़मी, अरशद भाई समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष चंदन जायसवाल जौनपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष आदि अतिथियों का शाहगंज स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष युवा समाजसेवी मनीष सिंह माला पहनाकर स्वागत किया । रामलीला मैदान में चल रहे फुटबाल टूर्नामेंट मे पहला मैच गोरखपुर व अकबर पुर के बीच खेला गया इसमें गोरखपुर ने अकबरपुर को 2द्व0से हराया दूसरा मैच देवरिया और शाहगंज बीच समाचार लिखे जाने तक चलता रहा । दोनों टीमों के बीच जबरदस्त टक्कर चलती रही दर्शक मैच देखने केलिए पूरे समय तक मुस्तैदी से डेट रहे।रेफरी की भूमिका में दिलवर हुसैन,नसीम अहमद, गुड्डू अहमद, नजर आए कमेंट्री अमेर सैंडी ने की। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से गौस सरवर खान ,फिरोज खान ,पत्रकार मो . कासम उर्फ मन्नू भाई , दिलावर भाई मोहम्मद ,राजू,,सभासद गणेश चौहान विवेक गुप्ता, के साथ ही ज्ञान सोनकर ,बाबर खान आरिफ खान लक्कड़ सिंह मास्टर बंसराज काका आदि कार्यकर्ता ने मुख्य रूप महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे।

चार दिन पूर्व लापता किशोरी का नहीं लगा सुराग

अयोध्या। पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव से चार दिन पूर्व लापता हुई एक किशोरी का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका।पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार पटरंगा थाना क्षेत्र के एक गांव से 15 वर्षीय एक किशोरी दस फरवरी को पटरंगा स्थित एक विद्यालय में पढ़ने के लिए अपनी स्कूटी से गई थी।जब काफी देर तक वापस अपने घर नहीं आई तो घर वालों ने उसे खोजना शुरू किया।उसकी स्कूटी पटरंगा रेलवे स्टेशन के बाहर खड़ी मिली।किशोरी के पिता ने पटरंगा थाना पहुंच कर इस सम्बन्ध में एक तहरीर दी।पुलिस ने धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि किशोरी की तलाश में पुलिस लगी हुई है।शीघ्र ही किशोरी को बरामद कर लिया जायेगा।

प्रभावी भाषण कला विषय पर प्रशिक्षण सत्र एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

शाहगंज /जौनपुर। नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी की ओर प्रभावी भाषण कला विषय पर प्रशिक्षण सत्र एवं कार्यशाला का हुआ आयोजन जौनपुर, शाहगंज नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी की ओर से बुधवार रात प्रभावी भाषण कला विषय पर प्रशिक्षण सत्र एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया ।प्रशिक्षण सत्र में जेसी सदस्यों को भाषण देने की कला और उसके तकनीकी पक्ष के बारे में जानकारी मिली ।आखिरी में आउटपुट सेशन में जेसी सदस्यों की बेहतर प्रस्तुति देखने को मिली ।

अध्यक्ष दीपा सेठ ने बताया कि जेसीआई का मकसद युवाओं के व्यक्तित्व का विकास करना है ।इस कड़ी में सार्वजनिक रूप से बोलने और भाषण देने की कला का विकास होना बेहद जरूरी है ।इसी को ध्यान में रखते हुए बुधवार रात प्रभावी भाषण कला प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ ।जेसीआई के मंडल प्रशिक्षक रविकान्त जायसवाल ने जेसी सदस्यों को विभिन्न तरीकों से बेहतर भाषण देने की तकनीक बताई और जरूरी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी ।उन्होंने कहा कि श्रोता पर सबसे ज्यादा असर आपकी बॉडी लैंग्वेज का पड़ता है ।इस दौरान एक्टिविटी के माध्यम से भी जेसी सदस्यों की भाषण कला को निखारा गया ।

इस मौके पर मंच पर जाने का तरीका, माइक पकड़ने की तकनीक, खड़े होने का तरीका, वॉइस मॉड्यूलेशन, भाषण सामग्री को तैयार करने की तकनीक पर विस्तार से चर्चा हुई ।अंत में सभी प्रशिक्षुओं ने आउटपुट सेशन में अपनी प्रस्तुति दी, जिसका मूल्यांकन भी किया गया । बबीता अग्रहरि और सुजल मोदनवाल को सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी चुना गया ।कार्यक्रम संयोजक आशीष सोनी ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

प्रशिक्षण सत्र में पूर्व अध्यक्ष दीपक जायसवाल, सौरभ सेठ, राम अवतार अग्रहरि, सचिव आदित्य अग्रहरि, वीरेंद्र जायसवाल, हिमांशु गुप्ता, देवी प्रसाद चौरसिया, मनीष बरनवाल, सुशील मोदनवाल, रवि अग्रहरि, आशीष प्रीतम, दीपक सिंह, उत्कर्ष मिश्रा, रमन मिश्रा, अर्पित, आयुष, अमनआदि मौजूद रहे ।

डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, कानपुर में मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स मीट-2025 का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

कानपुर। फरवरी 25- डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज मकरॉबर्टगंज कानपुर ने दो दिवसीय मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स मीट 2025 का भव्य आयोजन दिनांक 11 फरवरी 2025 एवम् 13 फरवरी 2025 की संस्थान प्रांगण में आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की निर्देशिका डॉ. गौरी गौर जी ने हवा में गुब्बारे उड़ा कर किया।

इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पोर्ट्स में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन दिया। जिसमें प्रथम दिन कैरम, चेस, बैडमिटन, खो खो एवं टेबल टेनिस जैसे खेलों में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। वहीं द्वितीय दिन विद्यार्थियों ने क्रिकेट एवं टग ऑफ वार जैसे खेलों में अपनी रुचि दिखाई। संस्थान की निर्देशिका डॉ. गौरी गौर जी ने अपने संबोधन में बताया कि शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेलकूद का जीवन में बहुत योगदान है, क्योंकि मानसिक व आत्मिक शक्तियों के विकास के लिए खेलकूद जरूरी है और कहा भी गया है स्वस्थ मस्तिष्क का विकास स्वस्थ शरीर से होता है और शारीरिक विकास का आधार खेलकूद है। कार्यक्रम के अंत में संस्थान द्वारा विद्यार्थियों के हौसले को बढ़ाने के लिए मेहल और ट्रॉफी को भी वितरित किया गया। कार्यक्रम के संयोजन में प्रखर तिवारी, मोहित श्रीवास्तव, शिवम कुमार सिंह, अभय सिंह, आशी पांडेय, श्रुति अग्रवाल, स्वेता सक्सेना, तनुश्री बनर्जी, प्रिया मिश्रा, प्रिया वोहरा, श्रेया साहू, सिद्धि गुप्ता, अलका मित्रा, विकास भल्ला, रविन्द्र वर्मा, प्रदीप शुक्ला, आशीष शर्मा एवम् संस्थान के समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रो. मोहम्मद हबीबुल्लाह एएमयू के धर्मशास्त्र संकाय के डीन नियुक्त

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय ने सुन्नी धर्मशास्त्र विभाग के प्रो. मोहम्मद हबीबुल्लाह को 15 फ़रवरी, 2025 से प्रभावी दो साल के कार्यकाल के लिए धर्मशास्त्र संकाय का डीन नियुक्त किया है। प्रो. हबीबुल्लाह 32 वर्षों से अधिक समय से शिक्षण और अनुसंधान में लगे हैं और उन्होंने इस्लामी धर्मशास्त्रीय अध्ययन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने दो पुस्तकें लिखी हैं और प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में कई शोध पत्र प्रकाशित किए हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 2002 में धर्मशास्त्र संकाय की पत्रिका, दरासात-ए-दिनियह के संपादक के रूप में कार्य किया। प्रो. हबीबुल्लाह ने पहले भी कई प्रमुख प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है, जिसमें 2014 से 2016 तक नाजिम-ए-दिनियात सुन्नी के रूप में उनकी सेवाएं शामिल हैं। वह वर्तमान में सुन्नी धर्मशास्त्र विभाग के अध्यक्ष भी हैं।

फूल की खेती से सुधर रही महिलाओं की जिंदगी

शकुन टाइम्स संवाददाता

बलरामपुर। जिला में गेंदे के फूलों की खेती कर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आर्थिक रूप से समृद्ध बन रही हैं। जिले में 100 बीघे में गेंदा फूल की खेती कराई जा रही है। यह फूल बलरामपुर के अलावा गोंडा व अयोध्या तक भेजी जा रही हैं, इसमें करीब 50 महिलाएं जुड़ी हुई हैं।जिले के आठ ब्लॉकों में उद्यान विभाग ने गेंदे के फूलों की खेती कराई जा रही है।

महिला किसानों को बाजार मुहैया कराने के लिए अयोध्या व गोंडा के साथ जिले के 15 मंदिरों को चिह्नित किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए सदर ब्लॉक में 10, श्रीदत्तगंज में 10, उतरौला में 10, गैंड़ास बुजुर्ग में 15, रेहरा बाजार में 20, तुलसीपुर में 10, गैसड़ी में 10 व पचपेड़वा में 10 बीघा में समूह की महिलाएं गेंदा फूलों की खेती कर आर्थिक रूप से समृद्ध बनी हैं।श्रीदत्तगंज ब्लॉक के महदेइया सिरसिया की स्वयं सहायता समूह की महिला किसान मन्ना देवी ने बताया कि वह दो बीघे में गेंदा फूलों की खेती कर रही हैं। हर तीसरे दिन 50 से 60 किलोग्राम गेंदे के फूल निकलते हैं। फूलों की माला तैयार करने के लिए समूह की 15 महिलाओं को रोजगार से जोड़ा है। 100 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से गेंदे के फूलों की ग्राम संगठन कार्यालय से बिक्री की जाती है। खेती के फूल देवीपाटन मंदिर के साथ ही पृथ्वीनाथ व छपिया में स्वामी नारायण मंदिर में जाते हैं। नगर के झारखंडी मंदिर, भगवतीगंज स्थित झारखंडेश्वर मंदिर, पेहर माता मंदिर, रानी तालाब स्थित हनुमान मंदिर, वीर विनय चौराहा स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर, मुक्तेश्वरधाम मंदिर, समय माता मंदिर, फक्कड़दास मंदिर, ज्वाला देवी मंदिर, महाशक्ति मातेश्वरी देवी मंदिर, श्रीराम-जानकी मंदिर भगवतीगंज में भी बिक्री के लिए पहुंचाएं जाएंगे।

शिक्षकों के 4 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। तमकुही विकासखंड के कक्षा 6 से 12 वीं तक के विद्यालयों के शिक्षकों का 4 दिवसीय हेल्थ वैलनेस प्रशिक्षण सम्पन्न हो गया। प्रशिक्षण में विद्यार्थियों के स्वस्थ जीवन शैली उनके भावनात्मक, मानसिक स्वास्थ्य, जेंडर समानता, स्वास्थ्य सुरक्षा आदि पर बल दिया गया।

प्रशिक्षक डॉ मधुसूदन मिश्र ने कहा कि ?? हमें छात्रों के स्वच्छता, गुड टच बैड टच पर विशेष ध्यान देना होगा। एआरपी संतोष प्रसाद ने इंटरनेट मीडिया के सुरक्षित उपयोग, हिंसा व चोट के विरुद्ध सुरक्षा, पोषण स्वास्थ्य व स्वच्छता पारस्परिक संबंध पर प्रकाश डाला ।समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) तमकुही सुधीर कुमार, डा मधुसूदन मिश्र, जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ मंत्री अंजनी सिंह, एआरपी संतोष प्रसाद ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया। इस अवसर पर पूर्व बीआरसी मिनहाज अहमद सिद्दिकी, काशीनाथ चतुर्वेदी, आलोक पटेल, रामसागर प्रसाद, नवनीत तिवारी, कृपा प्रसाद, नीरज प्रसाद आदि रहे।

संक्षिप्त सामाचार

भड़काऊ भाषण व अफवाह फैलाने को लेकर मुकदमा पंजीकृत

कुशीनगर। जिले के हाटा नगर में स्थित मदनी मस्जिद पर प्रशासन की कार्रवाई के बाद विपक्षी दलों के नेताओं का पहुंचने का सिलसिला जारी है। बुधवार को मदनी मस्जिद पहुंचे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के मौजूदगी में अफवाह फैलाने की कोशिश की गई। उक्त के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिका हाटा द्वारा जांच के बाद बीते रविवार को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के संबंध में कुछ लोगों द्वारा भड़काऊ भाषण, सोशल मीडिया पर तथ्यहीन एवं भ्रामक खबरे रखते हुए जनपद कुशीनगर में कानून व्यवस्था खराब करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके संबंध में थाना हाटा पर मुकदमा पंजीकृत कराकर उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। अन्य लोगों को भी सूचित करना है कि किसी भी तरीके का भड़काऊ भाषण व भ्रामक पोस्ट के माध्यम से जनपद में कानून व्यवस्था व माहौल खराब न करे।

आफिस के दीवाल को तोड़कर चोरों ने गायब किया सामान

कुशीनगर। जिले के तमकुही विकास खंड के प्राथमिक विद्यालय मेंहदिया में चोरों ने विद्यालय के आफिस का दीवाल तोड़कर सामान गायब कर दिया। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पटहेरवा थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मेहदिया के आफिस के दीवाल को तोड़कर चोरों ने सामान गायब कर दिया है। पुलिस को दिये तहरीर में प्रधानाध्यापक अनुप कुमार ने लिखा है कि गैस सिलेंडर, चूल्हा, एमडीएम बरतन, रिवाल्वनिंग चेयर, प्लास्टिक की 4 कुर्सी, खेलकूद किट समेत मिड डे-मिल का एक बोरी चावल व एक बोरी आटा गायब कर दिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी लिया एवं कार्रवाई करने की बात कही।

19 फरवरी को आयोजित होगा किसान दिवस

बहराइच। शासन के निर्देशानुसार जनपद के किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को आयोजित होने वाले किसान दिवसों की श्रृंखला अन्तर्गत 19 फरवरी को मध्यान्ह 12:00 बजे से विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में किसान दिवस तथा कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए डीएम मोनिका रानी ने कृषि एवं एलाइड विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि गत बैठक में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की आख्या एवं अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की अद्यतन सूचनाओं सहित किसान दिवस में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

वन विभाग के पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, ली राहत की सांस

बहराइच। जिले में जंगल से सटे गांवों में ग्रामीणों पर हमला करने वाला तेंदुआ बकरी के शिकार में पिंजड़े में कैद हो गया। वन कर्मी उसे रेंज कार्यालय लेकर आए। स्वास्थ्य जांच के बाद घने जंगल में छोड़ने की तैयारी बन रही है।जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज के भट्टा बरगदहा गांव में तेंदुए के आतंक से ग्रामीण काफी परेशान थे। करीब एक हफ्ते पहले तेंदुए ने दिनदहाड़े हमला कर करीब 5 ग्रामीणों को घायल कर दिया था। जिसमें दो ग्रामीणों का इलाज जिला अस्पताल बहराइच में हुआ। लगातार बढ़ रहे हमले को देखते हुए तेंदुए को पकड़ने के लिए गांव के पास में ही स्थित गन्ने के खेत में पिंजरा लगाया गया था।

पासी स्वाभिमान एकता सम्मेलन 18 फरवरी को

शकुन टाइम्स संवाददाता

फरेंदा। 18 फरवरी को महाराज स्थित पी जी कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित पासी स्वाभिमान एकता सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने ताकत झोंक दी है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री कमलेश पासवान होंगे ।ब्लॉक प्रमुख सुनील पासवान अमरमणि पासवान भोला पासवान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगवानपुर खजुरिया रामनगर व्रत गड़ा झवा कोर्ट फरेंदा मथुरा नगर लालपुर सोना बनी धानी ब्लॉक झाग पार बृजमनगंज हरिया महुआ मूवी सफाई सिंह पुर टाली समरधीरा जलालगढ़ पासी समाज के कार्यकर्ता ने आदि गांव में बैठक कर अपने अधिकारों की बात कर पासी समाज में उपलब्धियां गिनाई और सम्मेलन में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील की इस दौरान पासी समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष रामप्रीत पासवान रामबचन पासवान जोगी पासवान शिवनाथ पासवान पिंटू पासवान सोनू पासवान प्रमोद पासवान ग्राम प्रधान सोनबरसा आदिलो मौजूद रहे।

छह महीने पर जरूर कराएं दांतों की जांच

कृष्णा महिला पीजी कालेज में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। पनियरा विकास खंड के अंतर्गत गुरुवार को राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कृष्णा महिला पीजी कालेज बड़वार के सभागार में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों द्वारा टोटल 73 छात्राओं के दांतों की जांच की गयी, इनमें से 30 छात्राएं दांत की विभिन्न बीमारियों से ग्रसित मिलीं। सभी को इलाज के लिए जिला संयुक्त चिकित्सालय महराजगंज रेफर किया गया। शिविर में दांत के संबंध में निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी। शिविर में टीम लीडर डॉ. महबूब अहमद के नेतृत्व में डॉ.प्रदीप कुमार और डॉ.पूनम यादव ने छात्राओं के दांतों की जांच किया। उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ.मकबूल अहमद ने कहा कि दांत को स्वस्थ्य रखने के लिए दिन में दो

बार ब्रश जरूर करें। सोने से पहले ब्रश करना न भूलें। अपना ब्रश हर दो महिने में बदल दिया करें। हर छह माह से एक साल के अंदर दातों की सफाई अपने दंत चिकित्सक से जरूर कराएं। उन्होंने डेमो करके ब्रश करने का तरीका भी बताया।

दंत चिकित्सक डॉ. प्रदीप कुमार और डॉ. पूनम यादव ने बताया कि दांत में दर्द हो, मसूड़ों से खून बहे, दांत हिलने लगे, मूंख से दुर्गंध आएं, दांतों के रंग में बदलाव आएं, दांत बराबर न हो, ज्यादा ठंडा या गरम खाने पीने पर दांतों में झनझनाहट हो तो दंत चिकित्सक से जरूर दिखाएं। यह भी बताया कि मुंह के स्वास्थ्य की शुरुआत जन्म से करनी चाहिए। छह साल की उम्र तक माता-पिता बच्चे के दांतों की सफाई अपनी निगरानी में करवाएं।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं क्रमशः सुनैना, अर्चना और प्रीती को पुरस्कृत किया। महाविद्यालय के चेयरमैन अजय बहादुर सिंह ने कहा कि सभी छात्राएं चिकित्सक द्वारा दी गयी जानकारी पर अमल करें, ताकि दांत स्वस्थ्य रहे। प्राचार्य डॉ इन्द्रेश चौधरी ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया। चिकित्सा शिविर में श्री श्याम बाबू, योगेन्द्र सिंह, इस्तेयाक अहमद, मनोज सिंह, शिवम जायसवाल, उपेन्द्र सिंह, प्रमीला सिंह ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

सिर कटे गोवंशियों के मिले अवशेष, जनमानस में रोष

घूरछपरा गाँव के मनिया छापर गन्ने की खेत में दो गोवंशियों की मिला सिर व अवशेष।

शकुन टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के जटहा बाजार थाना क्षेत्र के घूरछपरा गाँव के मनिया छापर टोले पर एक गन्ने की खेत से दो गोवंशियों के धड़ से अलग कटा सिर मिलने से क्षेत्रीय जनमानस में काफी रोष व्याप्त है। मौके पर पहुँचे हिन्दूवादी नेताओं ने सम्बन्धित थाने की पुलिस को घटना के बावत शख्त कार्रवाई किये जाने की बात कही।

जानकारी के अनुसार उक्त गाँव के मनिया छापर टोला निवासियों मुखुत कुशवाहा व सुरेश गिरी के गन्ने की खेत में गाय के बछड़ों के धड़ से अलग दो कटा सिर गाँव के किसी व्यक्ति ने सुबह के समय देखा। इसके बाद पूरे गाँव व क्षेत्र में जंगल में लगी आग की तरह चर्चा आम हो गयी। हिन्दूवादी नेताओं पप्पू पाण्डेय व राजन जायसवाल को घटना की जानकारी होते ही दोनों नेता घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों के साथ गन्ने की खेत में दो के अलावे भी अन्य सिर होने की तस्दीक करने लगे। मौके पर पहुँची पुलिस टीम के साथ गन्ने के खेत की छानबीन किया। जहाँ गायों के बछड़ों के दो कटे सिर के अलावे अन्य अवशेष की बरामदगी हुई। कुछ देर बाद जानकारी होते ही मौके पर सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय भी पहुँच गये और घटना की जानकारी मौजूद लोगों व एसओ जटहा से लेते हुए सम्बन्धित घटना में शामिल अभियुक्तों को चिह्नित कर जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की एसओ जटहा को निर्देशित किया। इस सम्बन्ध में सीओ सदर पड़रौना अभिषेक प्रताप अजेय ने बताया कि सम्बन्धित घटना में अभियोग पँजिकृत की जा रही है तथा शामिल अभियुक्तों को चिह्नित कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की शख्त हिदायत पुलिस को दी गयी है।

अवैध मिट्टी खनन में ट्रैक्टर ट्राली सीज

शकुन टाइम्स संवाददाता

मछलीगांव /कैंम्पियरगंज। मछलीगांव में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई भोर में राजस्व टीम को लगाया गया था जिसकी सूचना जिले के आला अधिकारियों को मिला था मछलीगांव में बहुत पहले से अवैध मिट्टी खनन कर मिट्टी को अधिक मूल्य पर बिक्री किया जा रहा था जिसकी शिकायत किसी जिम्मेदार व्यक्ति ने जिले पर पहुंचाया जिले से निर्देशित किया गया तहसीलदार कैंम्पियरगंज को निगरानी कर अवैध मिट्टी खनन की जिम्मेदारी दी गई तहसीलदार ने पुलिस चौकी मछलीगांव व हल्का लेखपाल हेमंत शुक्ला को लगाया गया जो की सुबह से अवैध मिट्टी खनन करने वालों को पकड़ने के लिए हल्का लेखपाल हेमंत शुक्ला ने अपने मुखबिर को सक्रिय किया जिसका परिणाम अवैध मिट्टी से लगी हुई ट्रैक्टर ट्राली मछलीगांव रोड पर पकड़ी गई जिसे पुलिस एवं राजस्व टीम द्वारा अवैध मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को सीज किया गया।

जातक कथाओं में प्रबन्ध शास्त्रीय तत्व विषयक व्याख्यान संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर में संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा बृहस्पतिवार को भारतीय संस्कृति अभिरूचि पाठ्यक्रम के अन्तर्गत सप्त दिवसीय राष्ट्रीय व्याख्यान श्रृंखला के द्वितीय दिवस जातक अट्ठकथाओं में प्रबन्ध शास्त्रीय तत्व विषय के मुख्य वक्ता डॉ. जसबीर सिंह चावला रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर (डॉ.) मालविका रंजन, इतिहास विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, बीएचयू वाराणसी व संचालन रीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन कलाकार ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. जसबीर सिंह चावला ने विषय प्रवर्तन करते हुए पर कहा कि जातक कथाएं भगवान बुद्ध के पूर्व जन्म की कथाएं नहीं हैं। सच कहा जाए तो जातक दुनिया का सबसे पुराना प्रबंध शास्त्र का ग्रंथ है जो पाली भाषा में लिखा गया। जातक के 6 खंडों में उपलब्ध 547 अट्ठकथाओं पर इतना दावे के साथ कहा जा सकता है कि बुद्धघोष ने इन्हें प्रबंधन के काम में लाई जाने वाली उदाहरण कथाओं के रूप में लिखा था। हर जातक कथा के पांच भाग होते हैं। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन से हुआ और मुख्य वक्ता को संग्रहालय की ओर से उप निदेशक डॉ. यशवन्त सिंह राठौर ने स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम की सफलता हेतु प्रतिभागियों, अभिभावकों, मीडिया का धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से डॉ. सुजाता गौतम, डॉ. माण्डवी राठौर, डॉ. रेखारानी शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार त्रिपाठी, शिवनाथ, वैभव सिंह, सुषमा श्रीवास्तव सहित शताधिक लोग उपस्थिति रहे।

विदाई समारोह में भावुक हुए छात्र-छात्राएं

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। पंडित त्रिलोकी नाथ त्रिपाठी किसान इंटर कॉलेज आभूराम तुर्कवलिया गोरखपुर में कक्षा 12 के छात्र छात्राओं के विदाई समारोह के अवसर पर सभी भावुक हो गए। विद्यालय के प्रबंधक इंजि ए एन त्रिपाठी ने कहा कि छात्र छात्राओं को शिक्षा को जीवन में सर्वोपरि स्थान देना चाहिए और अनुशासन में रहना चाहिए, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं है। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार द्विवेदी ने कहा कि छात्र ही किसी विद्यालय के प्राण होते हैं और उनका उज्जवल भविष्य ही शिक्षक के जीवन का उद्देश्य होता है। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षकों ने भी संबोधित किया और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बी टी सी कॉलेज के प्राचार्य डॉ के एम पाठक ने भी अपनी शुभकामनाएं दी और जीवन में कर्मशील बने रहने की सलाह दी।

हीरक जयंती समारोह न केवल गोरखपुर विश्वविद्यालय अपितु पूरे गोरखपुर परिक्षेत्र का उत्सव है: प्रोफेसर पूनम टंडन

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय अपनी 75वीं वर्षगांठ पर हीरक जयंती समारोह की भव्यता एवं सार्थकता हेतु वृहद स्तर पर तैयारियां कर रहा है. इसी सिलसिले में कुलपति प्रोफेसर पूनम टंडन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय का 75 वर्ष न सिर्फ विश्वविद्यालय के लिए, बल्कि पूरे गोरखपुर परिक्षेत्र के लिए एक उपलब्धि एवं उत्सव है. यह जितना हमारा समारोह है, उतना ही गोरखपुर परिक्षेत्र का भी. हीरक जयंती समारोह का हमारा लक्ष्य है कि विश्वविद्यालय के साथ गोरखपुर का नागर समाज भी इसमें बढ़-चढ कर हिस्सा ले. शहर के अधिकांश परिवारों का कोई न कोई सदस्य गोरखपुर विश्वविद्यालय का पुरातन छात्र रहा है. इस दृष्टि से पूरा शहर

विशाल विश्वविद्यालय परिवार का अनिवार्य हिस्सा है. इसलिए गर्व से भरा यह वर्ष और समृद्ध विरासत जितनी हमारी है, उतनी ही समाज की भी. इसी व्यापक दृष्टि के तहत हम एक तरफ सेमिनार, विविध प्रतियोगिता- सांस्कृतिक व खेल स्पर्धा के साथ-साथ पुरातन छात्र सम्मेलन इत्यादि कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ प्राइमरी से लेकर इंटर तक के बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कर रहे हैं. बच्चों का यह कार्यक्रम प्रथमतः ब्लॉक स्तर और फिर जिला स्तर पर संपन्न होगा. इसमें विजयी प्रतिभागियों को मुख्य समारोह के दौरान राज्यपाल द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिशा में सामाजिक जिम्मेदारी के तहत हमारा सबसे महत्वपूर्ण योगदान सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन का होगा. इसके लिए हमने 2000 वैक्सीनेशन का लक्ष्य रखा है. सर्वप्रथम दस कस्तूरबा स्कूल की बच्चियों को चिन्हित कर माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की गरिमामय उपस्थिति में इसका शुभारंभ किया जाएगा. गोरखपुर शहर के प्रतिष्ठित नागरिक शिवशरण दास जी ने 50 बच्चियों के वैक्सीनेशन की जिम्मेदारी ली है. शहर के लोग आगे बढ़कर सहयोग कर रहे हैं. यह वैक्सीनेशन कार्यक्रम गोरखपुर तक ही नहीं थमेगा. हम इसे देवरिया और कुशीनगर तक भी ले जाएंगे। हम विद्यालयों के साथ महाविद्यालयों को भी इस जयंती वर्ष समारोह के अंतर्गत जोड़ रहे हैं जिसमें लगभग 12 लाख छात्र-छात्राएं हैं. *शिक्षक बनाम कर्मचारियों के बीच ञ्20 क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया जा रहा है. यदि पत्रकार-गण की टीम तैयार होती है तो एक क्रिकेट मैच शिक्षक और पत्रकारों के बीच भी होगा। उन्होंने कहा कि गोरखपुर विश्वविद्यालय के 75 वर्ष के इतिहास को लेकर एक भव्य प्रदर्शनी लगाई जाएगी. छात्रावासों के बीच खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिता चल रह है. प्रो. सुरेंद्र दुबे के नाटक उठो अहिल्या का मंचन होगा. हम गोरखपुर विश्वविद्यालय के गौरवशाली 75 वर्ष पर 75 कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम हीरक जयंती वर्ष पर डाक टिकट, एक क्वाइन, स्मारिका, डॉक्यूमेंट्री, थीम सॉन्ग, कॉफी टेबल बुक एवं विशिष्ट एलुमिनाई (पुरातन विद्यार्थी) को सम्मानित करेंगे. इसके अंतर्गत एक सोवेनीयर शॉप की भी स्थापना की जा रही है. इससे विश्वविद्यालय के 75 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर केंद्रित स्मृति चिन्हों को प्राप्त किया जा सकता है. प्रेस कांफ्रेंस के दौरान गोरखपुर विश्वविद्यालय के गौरवशाली हीरक जयंती वर्ष पर समारोह कैलेंडर व लोगो जारी किया गया. उन्होंने बताया कि हीरक जयंती वर्ष का ध्येय वाक्य प्रतार्यायुः प्रतरं नवीयः है. इस दौरान हीरक जयंती समारोह की संयोजक प्रोफेसर नंदिता आईपी सिंह उपस्थित रहीं. उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान सभी सम्मानित पत्रकारों तथा विश्वविद्यालय के अधिकारियों आदि का स्वागत किया तथा प्रेस वार्ता संपन्न होने पर सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

प्रधान ने कैबिनेट मंत्री को गांव में विकास को लेकर दिया पत्रक

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियां/चंदौली। सेवड़ी हुदहुदीपुर गांव में स्मृति द्वार और बालिका विद्यालय के नाम से जमीन पर बाउंड्री सहित कई मांगो को लेकर प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने सकलडीहा स्थित आवास पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर से मिलकर पत्रक सौंपा।

जिस पर जल्द कार्य कराने का आश्वासन दिया। सेवड़ी हुदहुदीपुर में गांव के प्रधान आशुतोष सिंह ने गांव के गौरव रहे कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर के पिता पूर्व विधायक स्व.रामजीत भारद्वाज के नाम पर स्मृति प्रवेश द्वार ,राजकीय बालिका विद्यालय के नाम पर आबंटित जमीन अराजी नम्बर 272 में बाउंड्री वाल,हाईमास्ट लाइट आदि की मांग को लेकर कैबिनेट मंत्री को पत्रक सौंपा । जिस पर कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जल्द बनवाने की मांग किया । इस दौरान प्रधान आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि गांव में विकास की सुंदरता के लिए इन योजनाओं से गांव में चार चांद लग जायेगा । मै धन्यबाद देता हूं कैबिनेट मंत्री का जिन्होंने मुझे समय देकर हमारे द्वारा दी गयी पत्रक को जल्द कार्य शुरू कराने का आश्वासन दिया ।

ई लाटरी के माध्यम से होगा मदिरा दुकानों का चयन

पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा आवेदन

शकुन टाइम्स संवाददाता

चंदौली। जनपद में वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा की फुटकर दुकानों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप एवं मॉडल शाप) और भांग की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से चयन किया जायेगा। जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चन्द ने बताया कि वर्ष 2025-26 हेतु मदिरा की फुटकर दुकानों (देशी शराब, कम्पोजिट शाप एवं मॉडल शाप) और भांग की फुटकर दुकानों का ई-लाटरी के माध्यम से व्यवस्थापन किया जायेगा।
जिसके लिए आवेदकों से ई-लाटरी के लिए सम्बंधित पोर्टल पर आनलाइन आवेदन फार्म भरा जायेगा। इस हेतु इच्छुक समस्त आवेदकों को ई-लाटरी से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्या / पृच्छा के समाधान हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, चन्दौली में कन्ट्रोल रूम का गठन किया गया है, जिसमें निम्न हेल्प लाइन नम्बरों पर सम्पर्क कर समस्याओं का निराकरण किया जा सकता है। पर्दार्वेक्षक अधिकारी का नाम /मोबाइल नं0 शरद कुमार, आबकारी निरीक्षक /9454466173 एवं सहयोगी कार्मिक का नाम/मोबाइल नंबर अनिरुद्ध प्रताप सिंह, प्रधान आबकारी सिपाही मोबाइल नं0 9794272290 इसी प्रकार दीपक ओझा, आबकारी निरीक्षक /9582768084, 9454466175 एवं सहयोगी अरुणेश कुमार चौधरी, आबकारी सिपाही/7376878498, रामकृष्ण, पर्दार्वेक्षक अधिकारी/ आबकारी निरीक्षक 9454466174 एवं सहयोगी अजय कुमार, आबकारी सिपाही 8115079450 की तैनाती की गई है।

संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती पर सोनहुल मे मूर्ति स्थापित किया गया

भण्डारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

चन्दौली/इलिया। संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत सोनहुल मे पूजन कीर्तन करते हुए सभी ग्राम वासियों के सहयोग से रविदास जी के मूर्ति को स्थापित कर भव्य भण्डारा का आयोजन किया गया। रविदास जी के जयंती पर भंडारे में लगभग हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

रामनाथ खरवार ने कहा कि अपने जीवन में संत रविदास समानता और मानव अधिकारों की शिक्षा दिया करते थे। वे संत, कवि और दार्शनिक थे जिनके आदर्शों पर सभी लोगों को चलना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी गंगाराम ने कहा कि मन शुद्ध हो तो हर जगह पवित्रता है ऐसे विचारक भगवान रविदास हम लोगों के लिए प्रेरणा स्वरूप है। प्रधान प्रतिनिधि निक्की सिंह ने कहा कि रविदास जी बिना किसी भेदभाव के समाज में प्रेम और एकता का संदेश सदैव दिए जिनके विचारों पर हम देशवासियों को अमल करते हुए चलना चाहिए। बहुत ही लोकप्रिय क्षेत्र पंचायत सदस्य लक्ष्मण ने कहा कि रविदास जी के विचार सदैव देश हित व देश के उत्थान के लिए रहा है उनके विचारों को युवा अपने जीवन का दर्शन बनाएं और अपने भविष्य के निर्माण व देश के कल्याण के लिए सदैव संत शिरोमणि रविदास जी के आदर्श मूल्य पर चलें। संत शिरोमणि रविदास जी के जयंती पर लाल बिहारी, सोनू, नारद, भोला मंत्री, एडवोकेट रामसुधार, लल्लन मास्टर, सूबेदार, बाबूलाल, अरविंद, संगम, सुभाष मिस्त्री, बालकिशुन, संतोष कुमार, दिनेश कुमार,फूलचंद मिस्त्री, पत्रकार देवा सरकार व हजारों की संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के ऋण वितरण मे लाये तेजी-सोमी सिंह

उपायुक्त सहकारिता ने ऋण वितरण और वसूली की की समीक्षा

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उपायुक्त एवं उपनिबंधक सहकारिता वाराणसी मंडल सोमी सिंह द्वारा गुरूवार को मंडलीय कार्यालय वाराणसी में उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के वाराणसी मंडल के समस्त वरिष्ठ शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक की गई।उपायुक्त सोमी सिंह द्वारा जनपद जौनपुर एवं गाजीपुर में लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण की स्थिति खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं क्षेत्रीय प्रबंधक वाराणसी मंडल को चेतावनी दी गई कि पाक्षिक समीक्षा करते हुए दीर्घकालिन ऋण वितरण में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त सोमी सिंह द्वारा प्रत्येक शाखा प्रबंधकों से बैंक शाखावार वसूली की भी समीक्षा की गई तथा वसूली की खराब स्थिति पर रोष प्रकट किया गया। उपायुक्त सहकारिता द्वारा समस्त शाखा प्रबंधकों को माह में पांच पांच बकायदारों की कुर्की करते हुए वसूली करने के भी निर्देश दिए गए। साथ ही एन0पी0ए0 बकायेदारों को भी नोटिस तामील करते हुए वसूली करने एवं ओ0टी0एस0 योजना के अंतर्गत बकायदारों से संपर्क कर वसूली करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक मे सहायक आयुक्त सुधीर पांडेय,एडीसीओ नीरज आनंद,मुकेश श्रीवास्तव,मंडल के समस्त शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के गंगापुर परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

गंगापुर/वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के डॉ. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के तत्वाधान में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सतीश कुमार, प्रभारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गंगापुर उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में एक संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती जी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन कर की गई। डॉ सतीश ने डायबटीज और ब्लडप्रेशर जैसे रोगों के बारे मे विस्तार से चर्चा करते हुवे कहा कि सामान्य ब्लड प्रेशर 80/120 होता है, यदि उससे अधिक हो तो उसके शुरुआती लक्षण शरीर मे झंझनाहट और चिड़चिड़ापन के रूप में दिखाई देने लगते है उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति को एक दिन मे 4 से 5 ग्राम तक ही नमक का सेवन करना चाहिए इसके साथ ही व्यायाम और योगासन के महत्व तथा शरीर में लिपिड प्रोफाइल को व्यवस्थित करने और इन बिमारियों से बचने के उपाय भी बताये।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए परिसर प्रभारी डॉ. मनीष कुमार सिंह ने आगंतुक अतिथियों का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापन किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश मिश्रा, डॉ. राजेश कुमार, सुमित घोष और डॉ. बेबी चौरसिया के नेतृत्व में दिलीप सिंह लैब टेक्नीशियन एवं ज्योति मौर्य, स्टाफ नर्स के साथ मिलकर स्वयंसेवकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण जैसे सुगर, ब्लड प्रेशर आदि किया गया।

कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां-

स्वास्थ्य परीक्षण शिविर- स्वयंसेवकों शिक्षकों, कर्मचारियों आदि का मधुमेह एवं ब्लड प्रेशर परीक्षण।

योगाभ्यास जागरूकता -योग के प्रति जागरूक-

छात्रों ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हस्त स्वयंसेवकों को उनके योगदान के लिए प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। मंच संचालन डॉक्टर अविनाश कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम के समापन पर जनसंपर्क समन्वयक डॉ. पी. एल. विजय ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और स्वयंसेवकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवा पीढ़ी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने में सहायता मिलती है।

मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

चंदौली/बबुरी। 46वीं मंडल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में यूपीएस बबुरी की बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान जौनपुर को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस उपलब्धि के साथ ही अब यह प्रतिभाशाली खिलाड़ी राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में वाराणसी मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन और आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के विधायक रमेश जायसवाल ने टीम के सभी खिलाड़ियों को अपनी ओर से ट्रैकसूट प्रदान किया।

गुरुवार को दोपहर, यूपीएस बबुरी विद्यालय में मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल के प्रतिनिधि नारायण जायसवाल एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष शशि प्रकाश गांधी ने इन युवा खिलाड़ियों को ट्रैकसूट भेंट किए। इस अवसर पर नारायण जायसवाल, शशि प्रकाश गांधी, अशोक चौहान, रमेश चंद्र मौर्य सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

संतों का जीवन हमें सत्कर्म करने की देता है प्रेरणा- सन्तोष भारती

शकुन टाइम्स संवाददाता

सकलडीहा/चन्दौली। सकलडीहा तहसील के माटीगांव, उसरी, घर्चित, सकलडीहा, खडेहरा,रिश्टी, नईकोट, बरईपुर, खरौयारी दौलतपुर, मरकनिया, डेरवा,भूपौली, विशुनपुर, चहानिया सहित गांवों में पहुंचकर संत गुरु रविदास जी की जयंती पर उनको नमन कर पुष्प अर्पित किया। सन्तोष कुमार भारती ने कहा कि बसपा ने संत रविदास जी के नाम पर भदोही का जिला मुख्यालय का दर्जा सुरक्षित रखते हुए नया संत रविदास जिला बनाया था, जिसे समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा जातिवादी और राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया गया। भारती ने कहा मन चंगा तो कठौती में गंगा% अर्थात मन को पाक-साफ रखकर ही ईसान सच्चे सुख की प्राप्ति कर सकता है।समाज व देश का भी भला कर सकता है। ऐसा आदर्श एवं मानवतावादी संदेश देने वाले महान संत गुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ ही विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले सभी अनुयायी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। %बसपा विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सामाजिक परिवर्तन के संतों की परंपरा में जाने-माने संत गुरु रविदास जी ने अपना सारा जीवन लोगों को मानवता का पाठ पढ़ाने में गुजार दिया। उन्होंने कहां कि जब तक समाज जात पात में बंटा रहेगा देश का भला नहीं हो सकता।बसपा सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में जो अनेकों महत्वपूर्ण कार्य किये गये हैं उनमें संत रविदास जी के नाम पर भदोही का जिला मुख्यालय का दर्जा सुरक्षित रखते हुए नया संत रविदास जिला बनाया। जिसे समाजवादी पार्टी की सरकार द्वारा जातिवादी व राजनीतिक द्वेष के कारण बदल दिया गया है, किन्तु भारतीय जनता पार्टी की मौजूदा सरकार ने भी इसका नाम अब तक बहाल नहीं किया है।

मंदिर के पास खड़ी ट्रैक्टर को चोरों ने उड़ाया,ट्रैक्टर लेकर भागते चोर सीसी टीवी में कैद



सकलडीहा/ चंदौली। कोतवाली क्षेत्र के तेनुअट गांव से बीती रात चोरों ने ट्रैक्टर गायब कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस जांच में जुट गई है। ट्रैक्टर लेकर भागते समय चोर सीसी टीवी में कैद हो गए। ट्रैक्टर चोरी की घटना से हड़कंप मच हुआ है। तेनुअट गांव के अशोक पाण्डेय के पुत्र प्रदेन पाण्डेय 8 महीने पूर्व एजेंसी से सोनालिका ट्रैक्टर खरीद कर लाए थे। बीती रात ट्रैक्टर तेनुअट गांव के हनुमान मंदिर के पास खड़ा किए थे। रात करीब 12 बजे चोर ट्रैक्टर को लेकर फरार हो गए। रास्ते मे लगे सीसी टीवी में चोर ट्रैक्टर लेकर जाते दिख रहे है। सुबह जब भतभौरी ट्रैक्टर को मौके पर नहीं पाया तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस सीसी टीवी की मदद से चोरों की तलाश में जुट गई है। ट्रैक्टर चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में कोतवाल हरिनारायण पटेल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बाँदा चैलेंजर ने शानदार जीत दर्ज कर फाइनल में बनाई जगह

शकुन टाइम्स संवाददाता

बाँदा। डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बांदा के अंतर्गत खेले जा रहे सेमीफाइनल मुकाबले में बाँदा चैलेंजर ने बांदा रॉयल्स को 79 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। बाँदा चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवर में 135 रन बनाए।

टीम की ओर से अनिकेत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रन की अहम पारी खेली। बांदा रॉयल्स की ओर से उज्जवल सिंह ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांदा रॉयल्स की टीम सिर्फ 12.1 ओवर में ऑल आउट हो गई। इस प्रकार बांदा चैलेंजर ने 79 रनों से शानदार जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अनिकेत को उनकी बेहतरीन बल्ले बाजी के लिए दिया गया। यह पुरस्कार संजय मिश्रा,राम किशोर राम मिलन गुप्ता,चंद्र मौली भारद्वाज,रेहान खान और प्रदीप गुप्ता के हाथों प्रदान किया गया इस मैच में सीनियर खिलाड़ी चंद्र मौली भारद्वाज,अजय कुमार, अबरार फारूकी दीपांक मेहरा,राम मिलन गुप्ता,संदीप नामदेवदुर्गेश भदौरिया, विजय राय,रेहान खान, स्कंद भारद्वाज अजय वर्मा और कृष्णा सिंह मौजूद रहे। अब फाइनल मुकाबला बांदा किंग्स बनाम बांदा चैलेंजर के बीच खेला जाएगा,जिसमें जबरदस्त प्रतिस्पर्धा की उम्मीद है।

वेब सीरीज आंटी की बेटी की शूटिंग प्रारंभ

चन्दौली/पीडीडीयू नगर। कहते हैं की धरती मां होती है परंतु इसी जमीन के विवाद में चचेरा भाई अपनी आंटी की बेटी को गोली मार कर हत्या कर देता है,आज अपराध इस सीमा तक बढ़ गया है कि मातेदारी रिश्तेदारी की कोई अहमियत नहीं रह गई है बस रह गई है तो केवल जमीन और धन दौलत की हवस,इसी पर आधारित है हमारा नया वेब सीरीजआंटी की बेटीफ्रिजसकी शूटिंग जोर शोर से वाराणसी, मुगलसराय के आस पास के स्थानों पर हो रही है इसमें आंटी की बेटी की भूमिका रजनी त्रिपाठी उसकी मां की भूमिका में अंजू पटेल ने अपनी भूमिका में जान डाल दी वहीं उसके सगे चचेरे भाई की भूमिका में जिसका नाम जग्गी है विजय कुमार गुप्ता ने निभाया है अपराध पर काबू पाने के लिए इंस्पेक्टर की भूमिका में देवेश कुमार महाराज ने अपना योगदान दिया है इसमें अतिरिक्त कलाकारों में राजू पासवान, गुड्डू विश्वकर्मा, मातेश्वर प्रसाद, राकेश अग्रवाल शामिल है। इस वेब सीरीज के निर्देशन विजय कुमार गुप्ता, रूप सज्जा मोहम्मद जमील सिद्दीकी,छायाकार रवि चौहान, संगीत विकास यादव ने दिया है।

विदाई समारोह में छात्राओं का छलका दर्द

मूसाखांड में इंटर कॉलेज ना होने से छात्राओं की अधूरी रह जाती है पढ़ाई

शकुन टाइम्स संवाददाता

सैदपुर/चंदौली। राजकीय हाई स्कूल मूसाखांड में हाई स्कूल के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह हर्षोल्लास से आयोजित किया गया। समारोह का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। विदाई समारोह में छात्राओं ने हाई स्कूल के बाद उच्च शिक्षा के लिए वनांचल क्षेत्र में एक भी इण्टर कॉलेज न होने का दर्द भी बयां किया। कार्यक्रम में विभिन्न छात्र छात्राओं द्वारा अपने अनुभव भी साझा किया गया। निभा ने अपने मधुर स्वर से तो श्रद्धा और स्मिता ने अपने भाषण से सबका दिल जीत लिया। वहीं प्रीति ने अपने प्रथम दिवस के अनुभव और हसनु तथा दीपक ने वर्ष भर के अनुभवों को बता कर सबको भावुक कर दिया। छात्राओं ने कहा कि वनांचल में एक भी इंटर कॉलेज न होने से आगे की पढ़ाई बाधित हो जाती है। राजकीय हाई स्कूल मूसाखांड से आदित्य नारायण राजकीय इंटर कॉलेज चकिया एवं अन्य इंटर कॉलेज की लगभग दूरी 14 से 15 किमी है जिससे छात्राओं को प्रतिदिन आने जाने में बहुत ही कठिनाई होती है। छात्राओं ने आगे कहा कि कोई भी सरकारी बस ना चलने के कारण प्राइवेट वाहन का प्रतिदिन आने जाने का किराया लगभग 40 से 50 रुपए हो जाता है जिससे गरीब परिवार के लोग अपने बेटियों का पढ़ाई रोक देते है। प्रधानाचार्य डॉ मुकेश कुमार श्रीवास्तव ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिदिन आधे घंटे का समय अपने ईष्ट देव को याद करने तथा योग प्राणायाम में लगाने से एकाग्रता बढ़ती है और एकाग्रता से ही उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम प्राप्त होता है। प्रधानाचार्य ने परीक्षा के दौरान कुछ विशेष सावधानियों की ओर भी छात्रों का ध्यानाकर्षित किया। युवा पत्रकार अरुण कुमार ने कहा कि शिक्षा विकास का प्रमुख कारक है। शिक्षित व्यक्ति ही राष्ट्र निर्माण हेतु संकल्प लेकर कार्य करता है। धनशेखर यादव ने कहा कि परीक्षाओं में पूर्ण संतुलित रह कर प्रदर्शन करने वालों को सदा उत्तम परिणाम प्राप्त होता है। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार तथा धन्यवाद छात्र आरपी सिंह ने दिया।

2026 में प्रधानी का चुनाव, बढ़ेंगे गांव, करवट लेगी गांव में राजनीति, अप्रैल से सूची पुनरीक्षण का शुरू होगा काम

शकुन टाइम्स संवाददाता

रामेश्वर/ वाराणसी। त्रिस्तरी पंचायत चुनाव 2026 से पहले नया परिसीमन कराया जाएगा। नई ग्राम पंचायत जुड़ेंगे इतना ही नहीं आरक्षित पदों पर भी बदलाव के आसार हैं।अप्रैल माह से मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ होने की संभावना जताई जा रही है। एक विशेष सूत्रों के द्वारा बतलाया गया कि इसके पहले ग्राम पंचायत व क्षेत्र पंचायत का परिसीमन वर्ष 2011 में हुआ था नए परिसीमन के बाद आगामी पंचायत चुनाव में सभी आरक्षित वर्ग के पदों के चक्र में वर्ष होगा। पिछले दो चुनाव में जिन पदों पर जिस वर्ग के प्रत्याशियों को आरक्षण का लाभ दिया गया था।अब वहां पर आरक्षण का चक्र बदल जाएगा। पंचायत चुनाव में एससी एसटी ओबीसी और महिलाओं को अधिकतम 50% आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। पंचायती राज अधिनियम के प्रावधान है कि लगातार दो आम चुनाव के बाद आरक्षण का चक्र बदल जाएगा। ऐसे में वर्ष 2026 में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पंचायत के आरक्षण का चक्र बदल जाएगा।वर्ष 2015 में इसके पहले परिसीमन कराया गया था 10 साल पूरा होने के बाद नए सिरे से परिसीमन होगा, जिसमें ग्राम पंचायत की संख्या बढ़ जाएगी। जहां वर्ग के प्रत्याशियों के लिए, 2021 में आरक्षित थे उसे समाप्त कर जनगणना के आधार पर नए सिरे से आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत में पदों का आरक्षण अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की आबादी 25% है तो वहां उसे वर्ग का आरक्षण भी प्रति 25 प्रतिशत होगा।शेष पदों में अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रत्याशियों को 20% रखा जाएगा पदों का आरक्षण जिला मजिस्ट्रेट द्वारा विहीनरीति से तैयार किया जाएगा।

आरक्षण की गाइडलाइन के अनुसार पंचायत सदस्यों का आरक्षण ग्राम पंचायत के कुल पदों के आधार पर तैयार किया जाएगा जबकि मुखिया के पदों का आरक्षण एक ग्राम पंचायत समिति के अंदर आने वाली ग्राम पंचायत के आधार पर तैयार किया जाएगा इसी प्रकार से पंचायत समिति के पंचायत सदस्यों के आधार पर तैयार किया जाएगा ब्लॉक प्रमुख का आरक्षण प्रत्येक जिला पंचायत जिला के कुल पदों का प्रचार प्रतिशत होगा इसी तरह जिला पंचायत सदस्यों का आरक्षण हर जिले में कुल सदस्यों की संख्या का 50% होगा।

पंचायत चुनाव अभी एक साल बाकी है, लेकिन गांव में दावत का दौर चालू हो गया है।

- (त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2026 से पहले नया परिसीमन कराया जाएगा)
- (अप्रैल माह से मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य,प्रारंभ होने की संभावना)
- (ग्राम क्षेत्र और जिला पंचायत सदस्य संघ प्रधान और प्रमुख के आरक्षित पदों का होगा बदलाव)

शादी समारोह में घुसा तेंदुआ तो अखिलेश ने बोला हमला

तेंदुआ नहीं 'ओवरसाइज बिल्ला' था, कहकर घटना पर पर्दा डाल देगी सरकार

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ के बुद्धेश्वर इलाके में स्थित एमएम मैरेज लॉन में एक शादी समारोह के दौरान रात करीब 10रू30 बजे तेंदुआ घुसने के बाद हड़कंप मच गया। लोग जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम को कड़ी मशक्कत के बाद देर रात करीब 3 बजे तेंदुआ पकड़ने में सफलता मिली।

इस दौरान तेंदुए के हमले से वन विभाग के दरोगा समेत कई लोग घायल भी हो गए। अब इस मामले पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर जोरदार तंज कसा है। उन्होंने आवारा पशुओं से लेकर अब जंगली जानवरों के शहर में घूमने पर तंज कसा। साथ ही, तेंदुए का नाम बदलने का भी सुझाव दे दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव सोशल मीडिया एक्स पर किए गए पोस्ट में प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि यूपी की 'जुमलाजीवी' भाजपा सरकार अभी छुट्टा पशुओं की समस्या का ही समाधान ढूंढ़ नहीं पाई थी। अब उसके सामने एक और चुनौती आ गई है और वह है प्रदेश की राजधानी में 'तेंदुए' का हमला। अखिलेश ने कहा कि लखनऊ में एक शादी समारोह में तेंदुए के प्रवेश का समाचार चिंताजनक है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का एक रूप ये भी है कि जंगलों में इंसानों का अतिक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। ऐसे में हिंसक जंगली जानवर भोजन की तलाश में जंगलों से निकलकर शहरों की तरफआने को मजबूर हो रहे हैं। अखिलेश यादव ने कहा कि इस प्रकार के मामले से आम जनमानस का जीवन खतरे में पड़ गया है। उन्होंने सवाल किया कि इस मामले में कोई कार्रवाई होगी ? या सरकार यह कहकर इस घटना पर पर्दा डाल देगी कि वो तेंदुआ नहीं 'ओवरसाइज बिल्ला' था। तंज भरे अंदाज में अखिलेश ने कहा कि यह भी हो सकता है तेंदुए का नाम बदलकर 'बड़ा बिल्ला' रख दिया जाए और मामला रफा-दफा कर दिया जाए।

एलडीए मुख्यालय में मंडलायुक्त ने जनसुनवाई की

शकुन टाइम्स संवाददाता

- ट्रांसपोर्ट नगर योजना में भूखंडों की जांच रिपोर्ट, जमीन फ्री होल्ड करने की डिमांड

लखनऊ। गोमतीनगर में स्थित एलडीए मुख्यालय में मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने जनसुनवाई की है। इस दौरान 25 से अधिक लोगों ने प्लॉट पर कब्जे, सोसाइटी की समस्या सहित कई अन्य शिकायत की है। ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन से पहुंचे हरप्रीत सिंह ने कहा- 3 साल बाद ट्रांसपोर्ट नगर में भूखंड की जांच शुरू हुई। इसमें 13 प्लॉट पर कब्जा फर्जी पाया गया। जबकि 292 के कागजात नहीं मिले। भूखंडों की जांच के लिए लोगों को तय समय पर कागजात जमा करने को कहा गया। मामले में हरप्रीत ने जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने और जमीन को फ्री होल्ड करने की मांग की है। ट्रांसपोर्ट नगर में कुल भूखंडों की संख्या 1,900 है। टीएस अनेजा ने कहा जमीन को फ्री होल्ड करने के लिए 33 महीने पहले एलडीए वीसी ने निर्देश जारी किया था। बावजूद इसके प्रक्रिया शुरू नहीं हुई। भारतीय किसान यूनियन भानू के महामंत्री राधेश्याम ने कहा कि चबूतरा आवंटन की प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि 24 जनवरी से 15 फरवरी तक पंजीकरण की सूचना दी गई थी, लेकिन यूको बैंक से मिले फॉर्म में 25 फरवरी से पंजीकरण होने की जानकारी मिली। इससे भ्रम की स्थिति है। चबूतरे का साइज 10.8 मीटर से 10 मीटर करने पर नाराजगी व्यक्त की है। इसके साथ ही पूर्व में आवेदन करने के बाद भी चबूतरा आवंटन नहीं होने वाले लोगों को सहूलियत देने की मांग की है। सीतापुर रोड और रेल लाइन में एक साथ चबूतरों का आवंटन करने की मांग की गई।

संक्षिप्त सामाचार

किसान न्याय पद यात्रा का व्यापारियों ने किया स्वागत

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में किसान पद यात्रा में लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार को यात्रा की शुरुआत मोहनलाल गंज ब्लॉक से हुई और दोपहर लगभग दो बजे कल्ली पश्चिम बाजार पहुंची। यहां प्रदेश कार्यालय प्रभारी मोनिस खान ने व्यापारियों और कार्यकर्ताओं के साथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। भारतीय किसान यूनियन भानु गुट की दस दिवसीय गरीब किसान न्याय पद यात्रा ने तीसरे दिन 52 किलोमीटर की यात्रा पूरी की। यात्रा की अगुवाई कर रहे प्रदेश प्रभारी ऋषि मिश्रा और लखनऊ जिलाध्यक्ष अनुरेंद्र कुमार अन्नू का पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। यात्रा का अगला पड़ाव कल्ली, सभा खेड़ा, पीजीआई, मवैया और उतरठिया में होगा। यहां व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित सक्सेना और चंदन गुप्ता अपनी टीम के साथ स्वागत करेंगे। इसके बाद यात्रा बिजनौर होते हुए सरोजनी नगर तहसील पहुंचेगी, जहां बीस किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने के बाद रात्रि विश्राम किया जाएगा। यात्रा में फइम, अनस, जफर, आदिल, पोलु यादव (जिला सचिव), अमित कुमार, राकेश, दानिश सहित सैकड़ों किसान ट्रैक्टरों के साथ शामिल रहे। यह पद यात्रा किसानों की न्याय की मांग को लेकर आयोजित की जा रही है।

एलयू के छात्रों ने प्रशासनिक भवन को घेरा,स्कॉलरशिप को लेकर धरने पर बैठे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के स्टूडेंट सुबह से प्रदर्शन कर रहे हैं। छात्रों का एक गुट प्रशासनिक भवन को घेर कर बैठा है। छात्रों का हनन हुआ तो...खून बहेगा सड़कों पे..। जैसे स्लोगन की जमकर नारेबाजी की जा रही है। इनका का कहना है कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्कॉलरशिप को लेकर तुगलकी आदेश जारी किया जा रहा। इससे साफपता चल रहा है कि छात्रों का शोषण करना ही इनका मकसद है। प्रदर्शन के दौरान जुटे छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफजमकर नारेबाजी की। इस दौरान विश्वविद्यालय प्रशासन की तानाशाही नही चलेगी-नही चलेगी को लेकर नारेबाजी होती रही। सुबह 11 बजे के करीब शुरू हुए इस प्रदर्शन में लाल टोपी लगाए समाजवादी गुट से जुड़े छात्रों ने जमीन पर बैठकर कर धरना दिया। एक घंटे तक प्रदर्शन के बाद मौके पर रजिस्ट्रार पहुंचे। छात्रों ने उन्हें अपनी मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा और विश्वविद्यालय प्रशासन से पूर्व के जारी आदेश को निरस्त करने की मांग की। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का दावा है कि मौके पर रजिस्ट्रार ने आदेश वापस लेने की बात कही और शासन से अनुमति लेकर स्कॉलरशिप की डेट बढ़ाना का भी भरोसा दिया।

कब्रिस्तान में रोशनी कर पूर्वजों के लिए दुआ की

लखनऊ। मुस्लिम समाज ने गुरूवार को शब-ए-बरात पर पूर्वजों को याद किया। दिन और रात में खुदा की इबादत की। देर रात तक पूर्वज और मरहूमों की मगफरत की दुआ मांगी। नफील नमाज पढ़ी। लोगों ने कब्रिस्तान में मरहूम के लिए दुआ की। अपने गुनाहों की माफी मांग कर शहर में अमन-चौन की दुआ मांगी। रोजा भी रखा। मस्जिदों में रात भर इबादत की। इस मौके पर मस्जिदों में विशेष नमाज भी हुई। धार्मिक मान्यता अनुसार मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूमों की कब्र पर पहुंचकर इसाल-ए-सबाब के लिए कुरान की तिलावत की।

राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर अपने गांव पहुंचे खिलाड़ी का क्षेत्रवासियों ने किया जोरदार स्वागत

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के हिरणपुरा गांव के रहने वाले भानु प्रताप तंवर ने एक बार फिर से अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया। उत्तराखंड में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक हुए 38 में राष्ट्रीय खेलों में भानु प्रताप तंवर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता 8 फरवरी से 12 फरवरी के बीच चली जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश का नाम रोशन किया। भानु लगातार अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं खेलों में लगातार मेडल प्राप्त कर रहे हैं। जिसे देखते हुए ग्रामीणों ने भानु प्रताप को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया तथा उसका हौसला बढ़ाया। भानु के गांव में पहुंचने पर क्षेत्रवासियों ने उनका फूल माला पहनकर जोरदार स्वागत किया। भानु ने कहा कि अगर हम किसी कार्य को मेहनत से करेंगे तो सफलता जरूर मिलेगी कभी भी हार नहीं माननी चाहिए हमेशा मुश्किलों से लड़ते हुए आगे बढ़ना चाहिए।

भानु ने क्षेत्रवासियों का भी धन्यवाद दिया उसने कहा कि उसे हमेशा से ही क्षेत्रवासियों का प्यार मिला है। इस दौरान योगेंद्र तंवर, विजय प्रधान, मनोज प्रधान,रामानंद प्रधान, हेम सिंह, शिवकुमार,सुरेश कप्तान, नीरज देवली व सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

कमिश्नर ने लोहिया पार्क ग्रीन कॉरिडोर का निरीक्षण किया

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को लोहिया पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने पार्क की साफ-सफाई को लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए और कहा- पार्क में नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन कैंटीन का भी जायजा लिया गया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए इसे तय समय में पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी कैंटीन एक साथ बंद न कराई जाएं। कुछ कैंटीन चालू रहें, ताकि पार्क में आने वाले लोगों को जलपान और पेयजल की सुविधा मिल सके। साथ ही, उन्होंने पार्क में हरियाली और फूलों की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इसके बाद, मंडलायुक्त ने ग्रीन कॉरिडोर (कुकरेल ब्रिज) के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से अब तक की प्रगति की जानकारी ली।

शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के टीबी मुक्त भारत अभियान में जीएस मेडिकल ने भी बढ़ाया कदम

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। गढ़ रोड स्थित शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत सिंह व संयोजक कपिल कुमार ने टीबी मुक्त भारत अभियान में जीएस मेडिकल इंस्टिट्यूट के डिप्टी डॉक्टर मनोज कुमार से की बातचीत जहां पर ट्रस्ट के टीबी मुक्त अभियान मैं उन्होंने भी अपना कदम बढ़ाया, ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि जीएस मेडिकल इंस्टीट्यूट के डिप्टी डॉक्टर मनोज कुमार ने ट्रस्ट के टीबी मुक्त अभियान की जमकर काफी सराहना की और उन्होंने बातचीत कर ट्रस्ट के सभी कार्यों को सुनकर काफी खुश हुए, उन्होंने बताया कि डॉक्टर मनोज कुमार हमारे ट्रस्ट के सभी कार्यों से काफी खुश हुए, जहां पर शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन सो दिवसीय सघन टीबी अभियान के कार्यक्रम लगातार

आगे भी चलते रहेंगे, जहां पर हमारे ट्रस्ट के सभी सदस्य अपने कार्य को लेकर लगातार क्षय रोग के प्रति जागरूक करते हैं।

तथा इसके प्रति सावधानी बरतने के लिए प्रेरित भी करते हैं, जहां पर हमारे ट्रस्ट लगातार क्षय रोगियों को आहार वितरण भी कर रही है और आगे भी करती रहेगी, हमारे ट्रस्ट का नारा है भारत देश हमारा हो टीवी मुक्त देश हमारा, संयोजक कपिल कुमार ने बताया कि शालोम चैरिटेबल ट्रस्ट लगातार आमजन मानस से मिलकर चल रही है।

और लगातार जनपद से टीबी मुक्त भारत अभियान में शासन प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है बहुत जल्द हमारा जनपद टीबी मुक्त होगा हमारे जनपद के अधिकारियों का जल्द ही सपना पूरा होगा।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य मीनाक्षी भराला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जनसुनवाई कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के मा0 सदस्य श्रीमती मीनाक्षी भराला जी की अध्यक्षता में मेरठ रोड स्थित सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस सभागार में जनसुनवाई का कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जनपद में हिंसा से पीड़ित 18 महिलाओं की जनसुनवाई की गई जिसमें पारिवारिक विवाद ,दहेज उत्पीड़न, मारपीट संबंधित, महिलाओं के केस आए जिनका राज्य महिला आयोग सदस्य महोदया द्वारा संबंधित थानों के प्रभारी को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं जनसुनवाई में जनपद के उच्च ,उप जिला अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ,जिला सूचना अधिकारी, क्षेत्राधिकार नगर, महिला थाना प्रभारी, पंचायती राज विभाग ,जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोवेशन अधिकारी, के साथ समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया । जनसुनवाई कार्यक्रम के पश्चात माश्सदस्य महोदया द्वारा आर्य कन्या पाठशाला एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय का अचेक निरीक्षण किया गया ।इस दौरान जिला प्रोवेशन अधिकारी हापुड़ के साथ जिला प्रोवेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक,मनीष,अमित संरक्षण अधिकारी,रिंकू सिंह सामाजिक कार्यकर्ता,रोहित सिंह आउटरीच कार्यकर्ता,सोनिया प्रभारी वन स्टॉप सेंटर के साथ अन्य अधिकारी वा कर्मचारी उपस्थित रहे।

बाबूगढ़ थाने का किया एसपी ने वार्षिक निरीक्षण,तो पुलिस के छूटे पसीने

बाबूगढ़ पुलिस ने धरातल पर देश की शान को सजाया फूलों की कलियों से रंगोली द्वारा

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड। के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने किया थाना बाबूगढ़ का वार्षिक निरीक्षण, जहां पर थाना बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय गुप्ता अपने पूरे थाना पुलिस के साथ रहे मौजूद, वार्षिक निरीक्षण के दौरान एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह को पहले गार्द की सलामी ली गई।

उसके उपरांत थाना बाबूगढ़ के कार्यालय के अभिलेख, अपराध रजिस्ट आदि का अवलोकन कर कंप्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, बैकर, भोजनालय मैस, माल खाना, बंदीगृह, शस्त्रागार, अभिलेखों की साफ सफाई आदि निरीक्षण के दौरान एसपी ने परखी, जहां पर एसपी ने सभी चीज की बारीकी से जांच पड़ताल की, तो वहीं थाने की सब इंस्पेक्टर शालिनी, मनीषा, आयशा, सतवाना ने थाना बाबूगढ़ में वार्षिक निरीक्षण के दौरान बने एक कलर के

द्वारा पेंटिंग जो धरातल पर बनाई गई थी, जो काफी सराहनीय और थाने को चार चांद लग रही थी, जहां पर थाने के अंदर सब इंस्पेक्टरों द्वारा थाने के अंदर हमारे देश की शान तिरंगे को फूलों के द्वारा चारों तरफ से सजा रखा था, तो वही हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने वार्षिक निरीक्षण के दौरान साफ सफाई आदि को थाने में चेक किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अभय सिंह की विधायकी पर सुनवाई 20 फरवरी को

लखनऊ हाईकोर्ट ने सरकारी वकील से रिपोर्ट मांगी, दो जजों का अलग-अलग था फैसला

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ हाईकोर्ट में गुरुवार को समाजवादी पार्टी के विधायक अभय सिंह के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ ने सरकारी वकील को मामले से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण रिपोर्ट अगली सुनवाई में प्रस्तुत करने के आदेश दिए। वहीं अगली सुनवाई 20 फरवरी को निर्धारित की है। न्यायमूर्ति राजन रॉय की एकल पीठ के समक्ष लगातार दूसरे दिन सुनवाई जारी रही। बुधवार को पीड़ित पक्ष ने अपनी बहस पूरी कर ली थी, लेकिन समय की कमी के कारण अभियुक्त पक्ष की ओर से बहस अधूरी रह गई थी। यह मामला 2010 का है, जब अयोध्या के महाराजगंज थाने में विकास सिंह ने अभय सिंह और उनके साथियों पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया था। मामला बाद में अंबेडकर नगर कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया।

2023 में अंबेडकर नगर एमपी,एमएलए कोर्ट ने सुनवाई के बाद अभय सिंह समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। इसके बाद विकास सिंह ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी। मामला हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में पहुंचा, जहां 20 दिसंबर 2024 को दो अलग-अलग फैसले सामने आए। जस्टिस एआर मसूदी ने अभय सिंह समेत पांच आरोपियों को तीन साल की सजा सुनाई और जुर्माना लगाया। वहीं, जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें बरी कर दिया। इन विरोधाभासी फैसलों के कारण यह मामला न्यायिक उलझन में पड़ गया और इसे चीफजस्टिस अरुण भंसाली की बेंच को सौंपा गया।

सीएम योगी की डीपफेक वीडियो बनाने पर एफआईआर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डीपफेक फोटो वायरल हो रही है। मामले में हजरत गंज पुलिस ने पियारा इस्लाम एक्स हैंडल के खिलाफएफआईआर दर्ज की है। कार्रवाई की मांग हिंदुत्व नाइट एक्स अकाउंट हैंडल द्वारा की गई थी। पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपी के विषय में जानकारी जुटा रही है।

हजरत गंज एसपी विकास जायसवाल का कहना है कि इस अकाउंट पर सीएम का एक वीडियो शेयर किया गया है। जिसमें यूपी पुलिस, लखनऊ पुलिस और गोरखपुर पुलिस को टैग कर कार्रवाई की मांग की गई है। मामले में हजरत गंज नरही निवासी राजकुमार तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह वीडियो प्यारा इस्लाम नाम से यू-ट्यूब और एक्स समेत सोशल मीडिया पर अकाउंट चलाने वाले युवक ने जारी किया है। जिसके विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

एलटी ग्रेड शिक्षकों का प्रदर्शन, माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय का किया घेराव

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में गवर्नमेंट इंटर कॉलेज (जीआईसी) में एलटी ग्रेड पर चयनित शिक्षक अभ्यर्थियों ने एक बार फिर जोरदार प्रदर्शन किया। इन अभ्यर्थियों का आरोप है कि रिजल्ट जारी हुए करीब 2 साल होने को है पर अभी तक सेलेक्टेड अभ्यर्थियों को तैनाती नही मिल सकी है।

ऐसे में इनके पास अब आर पार के आंदोलन के अलावा कोई अन्य रास्ता नही बचा है। गुरुवार को कई जनपदों से आए इन अभ्यर्थियों ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी हुई। प्रदर्शन में चयनित महिला अभ्यर्थी भी मौजूद रही। अभ्यर्थियों का कहना हैं कि एलटी ग्रेड 2018 का परिणाम 28 जून 2023 को घोषित किया था। लोकसेवा आयोग ने चयनित सभी अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 17 जुलाई से 24 जुलाई 2023 के बीच किया। रिपोर्ट शिक्षा निदेशालय प्रयागराज को भी भेजी गई, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं मिली। अभ्यर्थी निशि सिंह का कहना है कि 2 साल हो गए रिजल्ट निकले हुए, पर अभी तक सेलेक्टेड अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र नही जारी किया गया। विभाग की तरफसे अभी तक कुछ नहीं किया गया है। जब जाते हैं तो दो दिन, चार दिन, 15 दिन कहकर टाल दिया जाता है।

अब बिना जॉइनिंग लेटर लिए यहां से नही जाएंगे। अभ्यर्थी जय सिंह ने बताया कि जीआईसी-एलटी के रिजल्ट में चयनित होने के बाद भी नियुक्ति नहीं दी जा रही हैं।चयनित अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री के जनता दरबार में भी कई बार अपनी गुहार लगा चुके है। पर अभी तक कोई भी कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अब सिर्फ धरना और प्रदर्शन भी हमारे पास है।

कक्षा 12 के बच्चों की फेयरवेल, विद्यालय के प्रधान सेवक धर्मवीर शर्मा हुए भावुक

बच्चे विद्यालय का परिवार हैं, बड़ा दुख हुआ आज जो बच्चे परिवार को छोड़कर जा रहे हैं: अंजू शर्मा

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। गुरुवार को सिंभावली ब्लॉक के अंतर्गत लगने वाले बाबा रामदास उदासीन इंटर कॉलेज में हुई 12वीं क्लास के बच्चों की फेयरवेल पार्टी, तो बच्चों ने भी की जमकर मस्ती डीजे के सामने, बता दें कि सुबह से ही बच्चे लगातार पार्टी इंजॉय करते हुए नजर आए जहां पर पहले बच्चों को विद्यालय प्रधान सेवक के निर्देश पर टिका कराया गया, कार्यक्रम शुरू होने से पहले मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जहां पर विद्यालय के प्रधान सेवक धर्मवीर शर्मा, प्रिंसिपल पंकज शर्मा, मंजू शर्मा ने बच्चों की शिक्षा को लेकर की जमकर सराहना, तो वही विद्यालय के प्रधान सेवक धर्मवीर शर्मा ने बताया कि इस विद्यालय को लगभग 45 साल हो चुके हैं और एक-एक ईंट के अंदर बच्चों का भविष्य है इस विद्यालय को यहां तक

लाने के लिए मैंने दिन-रात एक किया,विद्यालय चाहता है कि इस विद्यालय के बच्चे जनपद तथा देश का नाम इसी तरह रोशन करते रहे तथा अपने मां-बाप का नाम सुनहरे शब्दों में नाम रोशन कराएं,तो वही विद्यालय के प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने बताया कि हमारा आशीर्वाद प्यार सदैव बच्चों के लिए यूं ही बना रहेगा तथा विद्यालय का नाम बच्चे इसी तरह रोशन करते रहें और आगे भी बच्चे लगातार इस विद्यालय का नाम यूं ही बरकरार रखें,तो वही विद्यालय की टीचर श्रीमती अंजू शर्मा ने कहा कि आज 12वीं क्लास के बच्चों की विदाई पार्टी है तथा आज बहुत दुख हो रहा है हम सभी को क्योंकि हमने इन बच्चों की आंखों सामने शैतानी भी देखी है इनका प्यार भी देखा है आज जब बच्चे विद्यालय से विदा हो रहे हैं दुख हुआ कि जिन्हें हमने अपना परिवार माना आज वह इस विद्यालय से विदाई ले रहे हैं और वह आगे भी इसी तरह है जहां भी जाएं सदैव अपने विद्यालय और मां-बाप का नाम रोशन करते रहे, विद्यालय के बच्चों ने बताया कि आज हम अपने शिक्षा के मंदिर बाबा रामदास उदासीन इंटर कॉलेज से विदा हो रहे हैं 12वीं क्लास के शिक्षा पूरी कर ,हम चाहेंगे कि हमारे जो विद्यालय में बच्चे हैं वह भी हमारी तरह अपने विद्यालय का नाम रोशन करें और जो हमारे स्कूल के टीचर हैं उन्होंने हमें काफी अच्छी शिक्षा दी जो आज हम यहां तक पहुंचे हैं, सबसे बड़ा दुख का समय है आज हमारे लिए क्योंकि आज हम अपने उसे परिवार से दूर हो रहे हैं जिन्होंने हमें मेहनत कर यहां तक लाए हैं और आज वह हमे विदा कर रहे हैं हम इनका नाम इसी तरह रोशन करते रहेंगे ताकि हमें इस विद्यालय की याद आती रहे,क्योंकि यह छन खुशी और गम का होता है, जहां पर बच्चों के लिए भोजनालय का भी इंतजाम कराया गया था, देखा जाए तो विद्यालय के अंदर बच्चों को विदाई पार्टी पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया था, जहां पर सभी बच्चे अपना सेल्फी ले रहे थे तथा एक दूसरे से मुलाकात कर हौसला अफजाई कर रहे थे, तो वही इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक गण मौजूद रहे।

सम्पादकीय

टैरिफमें बढ़ोतरी के ट्रंप के फैसले से भारत को घबराने की कोई जरूरत नहीं

वर्तमान में भारत की निर्यात आर्थिक वृद्धि के लिए अमेरिका प्रमुख उत्प्रेरक है। यह भारत का सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। निर्यात वृद्धि का प्रक्षेपक्रगत वर्षों में यदा-कदा नहीं रहा है। अमेरिका एक दशक से अधिक समय से लगातार भारतीय माल का सबसे बड़ा आयातक रहा है। यहां तक कि डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-2020) के दौरान भी, निर्यात में समग्र वृद्धि बरकरार रही, हालांकि ट्रंप का संरक्षणवाद था। अमेरिका को निर्यात ने भारत की बाहरी अर्थव्यवस्था के लिए साल-दर-साल प्रगतिशील विकास के बीज बोये, जिससे भारत के बड़े आयातों में काफी हद तक संतुलन बना रहा। भारत के निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 2013-14 में 12.4 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 17.7 प्रतिशत हो गयी। इस संबंध में, ट्रम्प के भयंकर टैरिफयुद्ध और आव्रजन विरोधी नीति के साथ भारत की अमेरिका पर अत्यधिक निर्भरता चिंताजनक संकेत देती है। फिर भी, स्थिति उतनी गंभीर नहीं है, जितनी बताई जा रही है। लचीलेपन के लिए जिम्मेदार कारक निर्यात बास्केट और उचित लागत पर अपरिहार्य गुणवत्तापूर्ण भारतीय आईटी सेवाएं हैं। निर्यात में आश्चर्यजनक वृद्धि, ट्रम्प के अहंकार को रोकती है, तथा निर्यात बास्केट में उत्पाद विशेषताओं को जिम्मेदार ठहराती है। वे हीरे, रेडीमेड वस्त्र, वस्त्र, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद हैं। निर्यात बास्केट में इनमें से अधिकांश उत्पादों पर, ट्रम्प का उच्च टैरिफउल्टा पड़ सकता है, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता निराशा में पड़ सकते हैं और उन्हें उच्च कीमतों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, हीरे और अर्ध-कीमती पत्थर, वस्त्र और रेडीमेड वस्त्र वे उत्पाद हैं, जो अमेरिका को भारत के निर्यात बास्केट का लगभग पांचवां हिस्सा हैं। इनमें से किसी भी उत्पाद समूह में, अमेरिकी निवेशक न तो निवेश करने के लिए उत्सुक हैं और न ही उनके पास प्रतिस्पर्धी मूल्य पर उत्पादन करने का कौशल है। भारतीय हीरों का प्रवेश मानवीय क्षमता पर निर्भर करता है, जिसके लिए कारीगरों के कई वर्षों के अनुभव की आवश्यकता होती है। भारत को छोटे हीरों की कटाई और पॉलिशिंग के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में जाना जाता है। वे आकार और ग्रेड में विविध रेंज के साथ कम श्रम लागत पर उच्च गुणवत्ता वाले अच्छी तरह से कटे हुए हीरे का उत्पादन करते हैं। जटिल डिजाइन, कुशल शिल्प कौशल, कम कीमत, शैलियों की बड़ी विविधता और विविध समुदायों से आने वाले विविध डिजाइन और फैशन जैसे कारकों के संयोजन के कारण भारतीय परिधान यूएसए में लोकप्रिय हैं।भारतीय परिधान अपने जटिल पैटर्न, कढ़ाई और रेशम और कपास जैसे विविध कपड़ों के कारण वियतनामी और चीनी परिधानों की तुलना में अधिक पसंद किये जाते हैं, जो एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाते हैं। तेल रिफाइनरी उत्पाद, दवाएं और फार्मास्यूटिकल्स भारत के संयुक्त राज्य अमेरिका को कुल निर्यात में बड़ी हिस्सेदारी रखते हैं। 2023-24 में वे भारत के अमेरिका को कुल निर्यात के लगभग 19 प्रतिशत थे।

भारतीय तेल रिफाइनरी उत्पादों को अमेरिका में अन्य देशों के मुकाबले इसलिए पसंद किया जाता है क्योंकि वे सस्ते रूसी तेल के कारण किफायती होते हैं। प्रतिबंध के बाद, रूसी कच्चे तेल की कीमत भारत के लिए 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी, जबकि वैश्विक कीमत 80 से 90 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल थी। जाहिर है, ट्रंप के संरक्षणवाद का पिछला अनुभव खतरे को कम करेगा। ट्रंप के पहले कार्यकाल (2017-20) के दौरान, जीएसपी योजना (सामान्यीकृत वरीयता प्रणाली) के तहत विशेष दर्जा वापस लेने और स्टील और एल्युमीनियम पर उच्च टैरिफलगाने से भारत से निर्यात कम नहीं हुआ। संयोग से, इस अवधि में जीएसपी लाभ की चमक फीकी पड़ गयी। यह अमेरिका को भारत के निर्यात का 2 प्रतिशत था। भारत वर्तमान में अमेरिकी बाजार में फार्मास्युटिकल उत्पादों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक और रेडीमेड कपड़ों का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। सन् 2022 में, यह फार्मास्युटिकल उत्पादों के कुल आयात का 5.5 प्रतिशत और 2023 में अमेरिकी बाजार में रेडीमेड कपड़ों के कुल आयात का 7 प्रतिशत हिस्सा था। जेनेरिक दवाओं के लिए अमेरिकी एंटीबायोटिक्स जैसे मानक नुस्खों पर निर्भर हैं, जो मुख्य रूप से विकासशील देशों से प्राप्त होते हैं, जहां उत्पादन लागत कम है, जैसा कि कॉलिशन फॉर ए प्रॉस्पेरस अमेरिका का कहना है। फिर भी, भारत चीन पर बढ़त रखता है।हालांकि, चीन अमेरिका को रेडीमेड गारमेंट्स और दवाओं और फार्मास्यूटिकल्स का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, चीन पर उच्च आयात शुल्क भारत को बढ़त देगा। इससे भारत को अमेरिका में चीनी बाजार में हिस्सेदारी कम करने का लाभ मिलेगा। इस उद्देश्य के लिए, चीन पर उच्च आयात शुल्क भारतीय निर्यातकों के लिए भारतीय उत्पादों पर आयात शुल्क में वृद्धि के प्रभाव को संतुलित करने के लिए लाभकारी हो सकता है। बांग्लादेश के निर्यात में उथल-पुथल भारत के लिए टैरिफप्रभावित परिधान निर्यात से निपटने का एक और कारक होगा। बांग्लादेश अमेरिका के बाजार में परिधानों का तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक है, जो परिधानों के आयात का लगभग 11 प्रतिशत हिस्सा साझा करता है। अमेरिका को आईटी सेवाओं के निर्यात में भारत ने बड़ा हिस्सा प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। 2023 में, भारत का अमेरिका को आईटी सॉफ्टवेयर का निर्यात 320 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। भारत से कुल सॉफ्टवेयर निर्यात में इसकी हिस्सेदारी 55.5 प्रतिशत थी। आव्रजन पर प्रतिबंध भारत के सॉफ्टवेयर निर्यात के लिए बड़ा खतरा बन गया है। भारत एच-1बी वीजा का सबसे बड़ा लाभार्थी है।

मोदी के कंधों पर देश की साख

सर्वमित्रा सुरजन

> जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो के बीच गहरी दोस्ती थी। दोनों ने मिलकर एशिया और अफ्रीका के नेताओं को एकजुट करने का काम किया था। सोवियत संघ में नेहरूजी का नाम काफी आदर और सम्मान से लिया जाता था। जब 1955 में सोवियत संघ से सर्वोच्च नेता निकिता ख्रुश्चेव और निकोलाई बुल्गानिन भारत आए तो पंडित नेहरू ने उन्हें खुली गाड़ी में सैर कराई थी। 1949 में हैरी एस ट्रूमैन और 1961 में जॉन एफकैनेडी नेहरूजी के अमेरिका दौरे पर उनका स्वागत करने एयरपोर्ट आए थे। फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासिर अराफात इंदिरा गांधी को बहन की तरह मानते थे। लेकिन इन सबमें कहीं भी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानकों से परे न कोई व्यवहार हुआ, न नेहरूजी ने कभी अपने निजी संबंधों को देशहित पर हावी होने दिया।

अंतरराष्ट्रीय संबंधों में छवियों का बड़ा महत्व होता है। दो देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच क्या बात हुई, किस वातावरण में हुई, चर्चा में कौन, किस पर हावी रहा, इन बातों का पूरा खुलासा तो आम जनता के बीच कभी नहीं हो सकता है, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के तकाजे इसकी अनुमति नहीं देते हैं। लेकिन दो देशों के मुखिया किस तरह आपस में मिले और एक-दूसरे का अभिवादन किया, इसके मायने भी महत्वपूर्ण होते हैं। कैमरे के सामने दो राष्ट्रप्रमुखों का एक-दूसरे से हाथ मिलाना, मुस्कुराते हुए फोटो खिंचाना, द्विपक्षीय चर्चा के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस करना, या किसी अंतरराष्ट्रीय बैठक में तमाम राष्ट्राध्यक्षों की सामूहिक तस्वीर और एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर फोटो खिंचाना यह सब अंतरराष्ट्रीय संबंधों में काफी सामान्य बातें हैं। भारत में 10-11 साल पहले तक इस पर शायद ही कोई चर्चा होती थी कि देश के प्रधानमंत्री ने किस राष्ट्राध्यक्ष के साथ, किस तरह से हाथ मिलाया, किस अंदाज में बातें की या उनके साथ घूमे-फिरे। लेकिन जब से नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने और उनकी विदेश यात्राएं शुरु हुईं, तब से भारत के दूसरे देशों के साथ संबंधों के साथ-साथ इस बात पर भी खासी चर्चा होने लगी कि कौन सा राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री मोदीजी का करीबी मित्र बन गया है, किसके साथ उनके पारिवारिक संबंध बन गए हैं। ऐसा नहीं है कि भारत के नेताओं के दूसरे देशों के नेताओं के साथ गाढ़े संबंध नहीं रहे। देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू के नाम की धाक तो पूरी दुनिया में थी और तीसरी दुनिया के देश अपनी ताकत जुटाने के लिए नेहरूजी का अनुसरण करते थे।

जवाहरलाल नेहरू और इंडोनेशिया के पहले राष्ट्रपति सुकर्णो के बीच गहरी दोस्ती थी। दोनों ने मिलकर एशिया और अफ्रीका के नेताओं को एकजुट करने का काम किया था। सोवियत संघ में नेहरूजी का नाम काफी आदर और सम्मान से लिया जाता था। जब 1955 में सोवियत संघ से सर्वोच्च नेता निकिता ख्रुश्चेव और निकोलाई बुल्गानिन भारत आए तो पंडित नेहरू ने उन्हें खुली गाड़ी में सैर कराई थी। 1949 में हैरी एस ट्रूमैन और 1961 में जॉन एफ कैनेडी नेहरूजी के अमेरिका दौरे पर उनका स्वागत करने एयरपोर्ट आए थे। फिलीस्तीन मुक्ति संगठन के प्रमुख यासिर अराफात इंदिरा गांधी को बहन की तरह मानते थे। लेकिन इन सबमें कहीं भी अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के मानकों से परे न कोई व्यवहार हुआ, न नेहरूजी ने कभी अपने निजी संबंधों को देशहित पर हावी होने दिया। छवियों की बात चली है तो यह भी याद कर सकते हैं कि भारत के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन छतरी पकड़ कर कार तक आए थे। लेकिन इसका यह अर्थ कदापि नहीं है कि राजीव गांधी के लिए रोनाल्ड रीगन पक्के दोस्त हो गए थे। दरअसल अंतरराष्ट्रीय संबंध और छवियों की बात इसलिए करनी पड़ रही है क्योंकि इस समय देश और दुनिया में कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। नरेन्द्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बने हैं और उधर अमेरिका में चार साल बाद डोनाल्ड ट्रंप की वापसी हुई है। ट्रंप का सत्ता में लौटना अमेरिका समेत पूरी दुनिया में कई तरह के बदलावों का कारण बन रहा है, क्योंकि इस वक्त बिल्कुल निरंकुश अंदाज में ट्रंप शासन करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके शुरुआती कुछ फैसले ही काफी विवादों में आए हैं, लेकिन ट्रंप किसी तरह से बदलते या अपना रुख नर्म करते नहीं दिख रहे हैं। ऐसे आशंका है। अगर मोदी सरकार तुरंत ही इस पर आपत्ति जताती तो शायद कड़ा संदेश जाता। प्रसंगवश बता दें कि कोलंबिया के राष्ट्रपति ने अपने नागरिकों के लिए विमान भेजा और जब वे वापस लौटे तो खुद विमान के भीतर जाकर उन्हें आश्वस्त किया। इसी तरह वेनेजुएला ने अपने नागरिकों को अमेरिका से वापस बुलाया और जब वे

में नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा के खास मायने हो जाते हैं कि इस बार किस अंदाज में राष्ट्रपति ट्रंप से उनकी मुलाकात और चर्चा होती है। याद रहे कि 2020 में नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार ट्रंप सरकार कहकर कूटनीतिक शिष्टाचार की सीमाएं तोड़ी थीं। इस बार ट्रंप जीते लेकिन उन्होंने अपने शपथ ग्रहण में नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित नहीं किया। श्री मोदी ने ट्रंप को फिर भी बधाई दी, और एक्स पर दिए अपने बधाई संदेश में माय फ्रेंड यानी मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रंप का संबोधन देते हुए चार ऐसी तस्वीरें चस्पां की, जिनसे लोगों के बीच मोदी-ट्रंप दोस्ती की छवि गाढ़ी हो जाए। हालांकि निजी स्तर के इस बधाई संदेश के बावजूद ट्रंप ने हथकड़ियों और जंजीरों के साथ अमेरिकी सैन्य विमान में भारतीयों को भेजकर यह जतला दिया कि वे ऐसी मित्रता और शिष्टाचार की रत्ती भर परवाह भी नहीं करते हैं। अमेरिका से भारत की लंबी दूरी में अमानवीय तरीके से लाए गए भारतीयों की छवि केवल देश के लोगों ने नहीं दुनिया ने देखी है और इसके बाद आस्ट्रेलिया के एक स्टेडियम में भारतीय दर्शकों से उनके वीजा के बारे में पूछकर उन्हें चिढ़ाने की घटना हुई, जिससे जाहिर होता है कि इस छवि का नुकसान विश्वव्यापी स्तर पर भारत को हुआ।वैसे भी भारत के लोगों को विदेशों में अनेक तरह के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। कई संपन्न और विकसित देश पढ़ने या काम करने गए आम भारतीयों को हेय दृष्टि से देखते हैं, अब ऐसी घटनाओं के और बढ़ने की विमानतल पर उतरे तो उनके स्वागत के लिए राष्ट्रपति खुद मौजूद थे। भारत में अमेरिका से हथकड़ियों में लाए गए नागरिकों को कैदियों वाली गाड़ी में उनके घरों तक भेजा गया। अपने नागरिकों को सम्मान देने और उनका सम्मान बचाने में सरकार तब चूक गई और अब देखना होगा कि नरेन्द्र मोदी डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात में इस बारे में कुछ कहते हैं या नहीं। हालांकि ट्रंप से मुलाकात से पहले पेरिस में श्री मोदी की मुलाकात अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से हुई। उनकी पत्नी उषा वेंस और बच्चों से भी श्री मोदी मिले और वेंस दंपती के बेटे विवेक को जन्मदिन पर बधाई दी, उपहार दिया। इस बात की जानकारी श्री मोदी ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी, लेकिन यह जिक्र नहीं हुआ कि उन्होंने अमेरिकी उपराष्ट्रपति से भारतीयों के अपमान की बात की या नहीं की। संभवतरू नहीं की, अन्यथा वे इसका ब्यौरा जरूर देते। अमेरिका से पहले श्री मोदी फ्रांस के दौरे पर थे, जहां से राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो से हाथ मिलाते, गले मिलते, साथ बातें करते तस्वीरें भी आई हैं। लेकिन इसी अवसर की एक और तस्वीर आई है, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस आयोजन में दुनिया भर के तमाम नेता, प्रतिनिधि मौजूद थे और राष्ट्रपति मैक्रो एक-एक करके सबके पास आकर हाथ मिला रहे थे और इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी के सामने से उन्हें लगभग अनदेखा करते हुए वे निकल गए।

एआई पर सावधानी

पेरिस में संपन्न एआई एक्शन समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के महत्व को स्वीकारते हुए सुरक्षा उपायों पर बल दिया गया। फ्रांस के तत्वावधान में आयोजित समिट राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सह-अध्यक्षता में संपन्न हुई। जो भारतीय प्रतिभाओं की वैश्विक साख को भी दर्शाता है। निश्चित रूप से यह समय एआई के क्षेत्र में भारत को अपनी प्राथमिकता तय करने का है। हालांकि, समिट में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संवर्द्धन के रोडमैप पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय में गहरे मतभेद भी उजागर हुए। मेजबान फ्रांस,भारत व प्रमुख हितधारक चीन समेत दुनिया के साठ देशों ने डिजिटल विभाजन को कम करने के लिये एआई पहुंच को बढ़ावा देने, इसे खुला,समावेशी, पारदर्शी, नैतिक, सुरक्षित और भरोसेमंद बनाने के संकल्प लेते हुए एक संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर किए। वहीं अमेरिका और ब्रिटेन ने इस पर असहमति जतायी और हस्ताक्षर नहीं किए। ट्रंप जैसे तेवर अपनाते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस ने वैश्विक नेताओं व तकनीक उद्योग के अधिकारियों को चेताया कि अत्यधिक विनियमन से तेजी से बढ़ते एआई उद्योग की गति थम सकती है। जो बताता है कि अमेरिका एआई जोखिमों को कम करने के यूरोप के प्रयासों से खुश नहीं है। दरअसल, एक अधीर राष्ट्रपति के नेतृत्व में अमेरिका एआई की अपार संभावनाओं पर वर्चस्व चाहता है। उसे चीन की चुनौती भी स्वीकार नहीं है। हालांकि, इसी तर्ज पर भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि एआई इस सदी में मानवता के लिये नया कोड लिख रही है। लेकिन साथ ही एआई को वैश्विक भलाई के लिये विकसित करने पर भी बल दिया। जिसका संदेश यह भी है कि इसका उपयोग देश विशेष अपने निजी हितों तक सीमित न रखे। यानी एआई नवाचार को बढ़ावा तो दिया जाना चाहिए, लेकिन इसके नियमन को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। दरअसल, बड़े पैमाने पर एआई के दुरुपयोग की आशंका के बीच विश्वास, सुरक्षा और पारदर्शिता बढ़ाने के लिये एक वैश्विक ढांचा स्थापित करना अपरिहार्य ही है। दरअसल, यही वजह है कि यूरोपीय देशों ने इस दिशा में सतर्क रुख अपनाया है। ताकि जांच और संतुलन बनाने वाले कदमों से दुनिया में डीपफेक व भ्रामक प्रचार पर अंकुश लगाया जा सके। फ्लतरू भविष्य में नियामक मानदंडों को आसान बनाने पर सहमति बनानी जरूरी है। इसके लिये पूरी तरह से दरवाजे खोलना किसी आपदा को आमंत्रण जैसा भी हो सकता है। पेरिस में एक्शन समिट ऐसे वक्त में हुई है जब एआई में अमेरिकी वर्चस्व को चीनी कंपनी डीपसीक जबर्दस्त चुनौती दे चुकी है। उसने कम लागत में बेहतर एआई टूल पेश करके बताया है कि इस दौड़ में चीन कहीं आगे निकल चुका है। निस्संदेह, इस क्षेत्र में तमाम नई खोजों की संभावनाएं बरकरार हैं। लेकिन सुरक्षा मुद्दों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, आने वाला समय कृत्रिम बुद्धिमत्ता का है, लेकिन इसका अनियंत्रित विकास मानवता के लिए घातक भी साबित हो सकता है। ऐसे में एआई विकास में पारदर्शिता व नियमन के अंतर्राष्ट्रीय मानक बनाने भी जरूरी हैं। जरूरी है कि हम एआई की वैश्विक चुनौती के बीच अपने इंजीनियरों व वैज्ञानिकों की मेधा का बेहतर उपयोग करके नयी खोजों का मार्ग प्रशस्त करें। अन्यथा भारत एआई की नई खोजों की दौड़ में पिछड़ सकता है। फिक्र है कि भारत जैसे बड़ी बेरोजगारी वाले देश में कहीं एआई रोजगार संकट का वाहक न बने। कम जनसंख्या वाले विकसित देशों के लिये जहां यह तकनीक उपयोगी साबित होगी, वहीं श्रम प्रधान संस्कृति वाले भारत में यह विसंगति भी पैदा कर सकती है। निश्चित रूप से एआई के इस्तेमाल से बेहतर कार्य संस्कृति पैदा होगी, लेकिन यह प्रयास रोजगार के अवसर कम न करे। कृत्रिम मेधा के नियमन और नवाचार के साथ हम रोजगार के अवसर भी बढ़ाएं। भारत में एआई को तेजी से अपनाया जा रहा है। नीति आयोग ने भी इसे प्रोत्साहन देने के लिये राष्ट्रीय नीति तैयार की है। आने वाले वर्षों में एआई की देश की सुरक्षा, आर्थिकी, चिकित्सा, कृषि तथा शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका होगी। लेकिन जरूरी है कि युवाओं के लिये पर्याप्त रोजगार के अवसर भी सृजित हों। भारतीय युवा भी खुद को इस नई चुनौती के अनुरूप तैयार करें।

आजाद का बयान नये समीकरणों का संकेत

> पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई आधार नहीं है इसलिये अपने हितों की अनदेखी कर टीएमसी गठबन्धन को मजबूत करने के फेर में नहीं पड़ेगी।श् वैसे भी टीएमसी अध्यक्ष तथा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस आशय का ऐलान सोमवार की पार्टी बैठक में कर ही दिया है। आजाद ने यहां तक कहा कि -श्कांग्रेस ने सहयोगी दल आप की पीठ में छुरा घोंपा है। उसे इंडिया में बने रहने का अधिकार नहीं है। वे पहले ही बोल चुके चुके हैं कि गठबन्धन का नेतृत्व करने के लिये ममता बनर्जी से बेहतर कोई भी नहीं है जिन्होंने अपने राज्य में भारतीय जनता पार्टी को बुरी तरह से हराया है। उनका यह बयान लगभग उसी लाइन पर है जिस पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम व शिवसेना (यूबीटी गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे दे चुके हैं।

तृणमूल कांग्रेस के सांसद कीर्ति आजाद ने प्रतिपक्षी गठबन्धन इंडिया पर जो हमले किये हैं उससे नये सियासी समीकरणों के संकेत मिलते हैं। यह अलग बात है कि उनके इन बयानों में विरोधाभास भी हैं। तो भी जो तल्खी टीएमसी सांसद ने दिखाई है, वह बतलाती है कि इंडिया से कुछ दल अलग हो सकते हैं और यह भी सम्भव है कि विपक्षी दल नये समीकरण रच सकते हैं। कीर्ति आजाद के बयानों का कांग्रेस क्या प्रतिसाद या उत्तर देती है, यह देखने वाली बात है तभी भावी घटनाओं का अनुमान लगाया जा सकता है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार का ठीकरा एक तरह से कांग्रेस पर फोड़ते हुए पूर्व क्रिकेटर तथा बर्धमान-दुर्गापुर के सांसद कीर्ति आजाद ने यह भी साफकिया कि- श्2026 में होने वाले राज्य के विधानसभा चुनाव में टीएमसी अकेली उतरेगी।

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस का कोई आधार नहीं है इसलिये अपने हितों की अनदेखी कर टीएमसी गठबन्धन को मजबूत करने के फेर में नहीं पड़ेगी।श् वैसे भी टीएमसी अध्यक्ष तथा प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस आशय का ऐलान सोमवार की पार्टी बैठक में कर ही दिया है। आजाद ने यहां तक कहा कि -श्कांग्रेस ने सहयोगी दल आप की पीठ में छुरा घोंपा है। उसे इंडिया में बने रहने का अधिकार नहीं है। वे पहले ही बोल चुके चुके हैं कि गठबन्धन का नेतृत्व करने के लिये ममता बनर्जी से बेहतर कोई भी नहीं है जिन्होंने अपने राज्य में भारतीय जनता पार्टी को बुरी तरह से हराया है। उनका यह बयान लगभग उसी लाइन पर है जिस पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश

यादव और महाराष्ट्र के पूर्व सीएम व शिवसेना (यूबीटी गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे दे चुके हैं। एक तरह से महाराष्ट्र, हरियाणा और उसके बाद दिल्ली हारने के बाद कांग्रेस पर हमले तेज हो गये हैं जो बतलाते हैं कि कुछ दल कांग्रेस को लेकर बेचैन हैं। हालांकि कांग्रेस पर होने वाले इन आक्रमणों में इस बात के अलावा कोई भी शिकायत वाजिब नहीं है कि उसके द्वारा इंडिया गठबन्धन की बैठक नहीं बुलाई जाती या फिर, अब तक कोई संयोजक नहीं बनाया गया है। इन बातों में दम तो हैं लेकिन गठबन्धन यह भूल जाता है कि कांग्रेस केवल नेतृत्व नहीं कर रही है बल्कि उसके पास अपनी दलीय जरूरतें भी हैं जिनमें से एक है खुद को मजबूत बनाना तथा चुनाव लड़ना। इंडिया के शेष जितने भी घटक दल हैं उनकी मौजूदगी एक-एक राज्य में ही है, आप को छोड़कर जिसने अभी दिल्ली खोई है पर पंजाब में उसकी सरकार है।आजाद का यह कहना कि कांग्रेस अपने सहयोगियों का नुकसान करेगी, तर्कसंगत नहीं है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया को भारतीय जनता पार्टी प्रणीत नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) के बरक्स देखें तो उसके साथ गये सहयोगी दलों को ज्यादा नुकसान हुआ है। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को तो भाजपा ने ही तोड़ा। अकाली दल की भी दुर्गति हुई। फिर, जिस दिल्ली के नतीजों की आड़ में कांग्रेस की आलोचना की जा रही है, उस सन्दर्भ में यह स्मरण दिलाया जाना लाजिमी है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही आप ने ताबड़तोड़ अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये थे जबकि कांग्रेस वहां तालमेल की इच्छुक थी। वह चाहती थी कि उसे करीब 15 सीटें दी जायें जो कि वाजिब मांग थी। जिस प्रकार से आजाद कहते हैं कि उनके राज्य में अकेली ममता या टीएमसी भाजपा से निपटने के लिये काफी है, कुछ वैसा ही गुमान आप को भी था। यह तो सही है कि पिछली दो बार की तरह इस बार भी कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली लेकिन आप ने कांग्रेस को साथ न लेकर सरकार गंवाई है- यह अब साफहो गया है। कम से 15 सीटें ऐसी थीं जिन पर यदि दोनों मिलकर लड़ते तो वे सीटें गठबन्धन के खाते में आतीं। जहां तक महाराष्ट्र व हरियाणा का मसला है, यह नहीं भूलना चाहिये कि इन राज्यों में चुनाव सम्बन्धी बड़ी गड़बड़ियों का संदेह है। महाराष्ट्र में लोकसभा से विधानसभा चुनावों के बीच जिस प्रकार से 72 लाख मतदाता बढ़ गये, वह सबके ध्यान में है। हरियाणा में प्रारम्भ से आगे चल रही कांग्रेस को जिस तरह से कुछ मिनटों के भीतर मतगणना धीमी कर निपटाया गया, उसे भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। गड़बड़ तो दिल्ली में भी हुई है लेकिन बहस ऐसी दिशा में मोड़ दी गयी है- स्वयं इंडिया के घटक दलों के द्वारा कांग्रेस पर हमला करके, कि यहां चुनावी धांधली पर न किसी का ध्यान जा रहा है और न ही उसे कोई चर्चा में ला रहा है। स्वाभाविकतरू यह स्थिति भाजपा, सरकार और चुनाव आयोग के पक्ष में बनती है कि उस पर आरोप लगाने का किसी के पास अवकाश ही नहीं है। कीर्ति आजाद भूल जाते हैं कि भाजपा के इशारे पर ऐसी धांधलियां हर उस राज्य में होगी, जहां चुनाव होंगेय बेशक, पश्चिम बंगाल भी उसमें होगा। ध्यान रहे कि आरोप लगाने वाले ज्यादातर सहयोगी दल गठबन्धन की सामूहिक आवाज बनकर कांग्रेस का साथ देते नजर नहीं आते, एकाध को छोड़कर। अनेक मुद्दों पर अकेले कांग्रेस ने आवाज उठाई लेकिन उससे पूरा इंडिया लाभान्वित हुआ है।

इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में श्रेयस अय्यर का बेहतरीन प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में विरोधी टीम का 3-0 से क्लीन स्वीप कर दिया और इस पूरे सीरीज के दौरान टीम इंडिया के मीडिल ऑर्डर के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी शानदार रही। श्रेयस अय्यर इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा लेने से पहले घरेलू क्रिकेट खेल रहे थे और वहां पर भी उन्होंने मुंबई के लिए शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने उस फॉर्म को इंग्लैंड के खिलाफ भी जारी रखा और इस टीम के खिलाफ जमकर कर बनाए।

श्रेयस इस वनडे सीरीज में ना सिर्फ भारत की तरफ से बल्कि ओवरऑल भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में शुभमन गिल के बाद दूसरे नंबर पर रहे। गिल ने इस वनडे सीरीज में 60.33 की शानदार औसत के सात 181 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 123.12 का रहा। उन्होंने 3 मैचों में 2 अर्धशतकीय पारी खेली और उनका बेस्ट स्कोर 78 रन रहा। श्रेयस ने ना सिर्फ इस सीरीज में अच्छी बैटिंग की बल्कि उनकी फील्डिंग भी बेहतरीन रही। इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के दौरान श्रेयस अय्यर ने बल्ले के साथ-साथ बेहतरीन फील्डिंग भी की और इसकी वजह से उन्हें बेस्ट फील्डर ऑफ द सीरीज का खिताब भी दिया गया। भारतीय ड्रेसिंग रूम में टीम के उप कप्तान शुभमन गिल ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। तीसरे ममैच में भारत की जीत के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि मैं इस सीरीज में शतक नहीं लगा पाया और इससे वो थोड़े निराश हुए। उन्होंने कहा कि काश मैं टीम के लिए शतक लगा पाता। श्रेयस अय्यर ने आगे कहा कि मुझे बीच में घरेलू क्रिकेट में खेलने का मौका मिला और इस दौरान मैंने अपने तकनीक पर काम किया। मैंने इस दौरान अपनी कमियों पर काम किया और इसका मुझे लाभ मिला। श्रेयस ने भारतीय ड्रेसिंग रूम के बारे में बात की और कहा कि ड्रेसिंग रूम इस वक्त एनर्जी से भरा हुआ है और मुझे लगता है कि टीम का हर खिलाड़ी शानदार फॉर्म में है। मुझे लगता है कि ये सीरीज जीतना और चैंपियंस ट्रॉफी में इस लय को बनाए रखना शानदार होगा। एक यूनिट के रूप में हमने बेस्ट किया और सीरीज जीती। मुझे उम्मीद है कि इस वनडे सीरीज के लिए मुझे बेस्ट फील्डर का अवॉर्ड

38वें राष्ट्रीय खेल में महाराष्ट्र का जलवा, जिम्नास्टिक में लहराया परचम

एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के जिम्नास्टिक स्पर्धा के पांचवें दिन बुधवार को महाराष्ट्र के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खासतौर पर रिदमिक और एरोबिक जिम्नास्टिक में महाराष्ट्र का दबदबा देखने को मिला। हूप इवेंट में महाराष्ट्र की परीना राहुल मदनपोतरा ने 24.850 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उनकी साथी खिलाड़ी किमाया अमलेश करले 24.150 अंकों के साथ रजत पदक जीतने में सफल रहीं। हरियाणा की लाइफ अदलखा ने 24.050 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। जबकि बॉल इवेंट में महाराष्ट्र की किमाया अमलेश करले ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 25.950 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। जम्मू-कश्मीर की मुस्कान राणा 25.750 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि उनकी साथी मान्या शर्मा ने 25.050 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। महिला व्यक्तिगत स्पर्धा में मणिपुर की अरिहा पांगंबम ने 18.450 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। पश्चिम बंगाल की माजिदा खातून को 17.350 अंकों के साथ रजत मिला, जबकि कांस्य पदक गुजरात की प्रकृति कमल शिंदे और महाराष्ट्र की गौरी चंद्रकांत ब्रह्मणे (15.750) ने संयुक्त रूप से जीता। पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में गुजरात के मीत परेशभाई कोसंबिया ने 18.750 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। महाराष्ट्र के आर्य पवन शाह 18.050 अंकों के साथ रजत पदक विजेता बने, जबकि पश्चिम बंगाल के अनिकेत चक्रवर्ती (17.150) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। मिश्रित जोड़ी स्पर्धा में पश्चिम बंगाल के अब्दुल हमीद चौधरी और साहिना गुप्ता ने 16.300 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता। मणिपुर के मुतुम रोमेश सिंह और थोइतोलेंबी चानू (15.250) को रजत पदक मिला, जबकि महाराष्ट्र की मानसी किरण देशमुख और श्रीपद मंगलराव हराल (15.200) ने कांस्य पदक हासिल किया। समूह स्पर्धा में महाराष्ट्र की टीम (16.600) ने स्वर्ण पदक जीता। गुजरात (15.750) को रजत और मणिपुर (15.530) को कांस्य पदक मिला। खेलों में महाराष्ट्र ने दबदबा बरकरार रखते हुये एरोबिक जिम्नास्टिक की विभिन्न श्रेणियों में कुल चार पदक अपने नाम किए, जिसमें एक स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदक शामिल हैं और रिदमिक में 2 स्वर्ण और एक रजत पदक जीता।

रजत पाटीदार होंगे आरसीबी के कप्तान

एजेंसी

नयी दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने 21 मार्च से शुरु होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के लिए रजत पाटीदार को टीम का कप्तान बनाया हैं। आरसीबी ने गुरुवार को आयोजित एक समारोह में रजत पाटीदार को टीम का कप्तान नियुक्त किये जाने की घोषणा की। इस दौरान टीम के निदेशक मो बोबट, मुख्य कोच एंडी फ्लावर और रजत पाटीदार मौजूद रहे। रजत ने 2021 में फ्रैंचाइजी में शामिल होने के बाद से तीन सत्रों के 28 मैचों में 158.85 की स्ट्राइक रेट से 799 रन बनाये हैं। आरसीबी ने नवंबर में हुई मेगा नीलामी से पहले रजत को रिटेन किया था। वह पहली बार आईपीएल में कप्तानी करेंगे। घरेलू स्तर पर उन्होंने 20 ओवर की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और 50 ओवर की विजय हजारे ट्रॉफी के 2024-25 सत्र में मध्य प्रदेश टीम की कप्तानी की है। उल्लेखनीय है कि आरसीबी तीन बार आईपीएल के फाइनल में पहुंची लेकिन वह अभी तक खिताब नहीं जीत पाई हैं।

आईजीआई, हंसराज, खालसा, एसआरसीसी और एसपीएम कॉलेज ने जीते अपने-अपने मुकाबले

एजेंसी

नयी दिल्ली। इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, हंसराज कॉलेज, श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, और श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने गुरुवार को 11वें पद्मश्री श्याम लाल मेमोरियल इन्विटेशनल हॉकी (महिला एवं पुरुष) टूर्नामेंट के लीग मुकाबलों में जीत दर्ज की।

आज यहां खेले गये पहले मैच में इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज में किरोड़ी मल कॉलेज को 8-1 हराया। इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज की तरफ से फरमान और राम यादव ने दो-दो गोल किए और शेखर, सुमित, पुलकित और गुरमुख ने एक-एक गोल किया जबकि किरोड़ीमल कॉलेज की तरफ से एक गोल प्रज्ञात आनंद ने किया। पुलकित को उनके शानदार खेल के लिए 'मैन ऑफ द मैच' से नवाजा गया। दिन के दूसरे मैच में हंसराज कॉलेज ने एमिटी यूनिवर्सिटी को 5-0 से हराया। सागर ने दो, गुरशिश, अमन और गौरव ने एक एक गोल किया। हंसराज के गुरशिश को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज ने जानकी देवी मेमोरियल कॉलेज को 1-0 से हराया। पिंकी ने विजयी गोल किया। प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज की खिलाड़ी अंशु को मिला। चौथे मैच में श्री गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज ने श्याम लाल कॉलेज एलुमनाई को 2-1 से हराया। खालसा कॉलेज की ओर से पवन और अंकित ने एक-एक गोल किया जबकि श्याम लाल कॉलेज एलुमनाई की ओर से एकमात्र गोल सरवन ने किया। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड खालसा कॉलेज के अंकित को मिला।

हम चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतने में सक्षम हैः शांतो

एजेंसी

दुबई। बंगलादेश के कप्तान नजमुल हुसैन ने कहा है कि उनकी टीम चैंपियंस ट्राफी का खिताब जीतने में सक्षम है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शांतों ने प्रतिद्वंद्वी टीमों को चेतावनी के लहज में कहा है कि उनकी टीम आगामी टूर्नामेंट में खिताब जीतने की सोच के साथ मैंदान में उतरेंगी।

शांतो का मानना है कि बंगलादेश की टीम का विश्वास बढ़ रहा है और उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम 19 फरवरी से पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में सबको चौंका सकती है। शांतो ने कहा, हम चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनने जा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आठ टीमें चैंपियन बनने की हकदार हैं। वे सभी बेहतरीन टीमें हैं। मेरा मानना है कि हमारी टीम में भी यह क्षमता है। उन्होंने कहा, हर कोई वास्तव में (चैंपियन बनना) चाहता है और अपनी क्षमताओं पर विश्वास करता है। हमें नहीं पता कि ऊपर वाले ने हमारे भाग्य में क्या लिखा है। हम कड़ी मेहनत कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। मुझे भरोसा है कि हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं टीम में शामिल 15 खिलाड़ियों से बेहद आश्वस्त हूं। और कोई भी खिलाड़ी अकेले दम पर मैच जीतने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास बेहतरीन तेज और स्पिन गेंदबाज है। हमारे पास एक संतुलित टीम है। अगर हर कोई अपनी जिम्मेदारी ठीक से निभाए, तो हम किसी भी टीम को कभी भी हरा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि बंगलादेश चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए में है और वह 20 फरवरी को दुबई में भारत से भिड़ेगा, उसके बाद 24 फरवरी को रावलपिंडी में न्यूजीलैंड तथा 27 फरवरी को पाकिस्तान के खिलाफ मैच

पाकिस्तान के तीन खिलाड़ियों पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए लगा जुर्माना

दुबई। पाकिस्तान के शाहीन शाह अफरीदी, सऊद शकील और कामरान गुलाम पर कराची में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कराची में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज इन तीनों पाकिस्तानी खिलाड़ियों को आईसीसी आचार संहिता के लेवल वन के उल्लंघन का दोषी पाया है। शाहीन पर मैच फीस का 25 प्रतिशत तथा सऊद और कामरान पर मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। शाहीन को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 के उल्लंघन तथा सऊद और कामरान को संहिता के अनुच्छेद 2.5 का उल्लंघन का दोषी पाया गया।

टाटा डॉटईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को 400,000 चार्जिंग प्वाइंट तक बढ़ाएगा

एजेंसी

मुंबई। भारत की इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्रांति के अगुआ टाटा डॉटईवी ने आज देश के चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की घोषणा करते हुये कहा कि वर्ष 2027 तक उपलब्ध चार्ज प्वाइंट की संख्या को दोगुना से अधिक बढ़ाकर चार लाख चार्जिंग प्वाइंट करने के ईवी को अधिक सुलभ और सुविधाजनक बनाया जायेगा। कंपनी ने 2019 से भारत के ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को आगे बढ़ाने में सबसे आगे रहा है। सबसे पहले, टाटा समूह की कंपनियों के साथ साझेदारी करके सहज निजी/घरेलू चार्जिंग समाधान पेश किए और फिर सबसे तेज़ ईवी अपनाने वाले शहरों में और उसके आसपास सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को शुरू किया, जिससे शुरुआती अपनाने वालों को ईवी पर स्विच करने के लिए महत्वपूर्ण समर्थन और प्रोत्साहन मिला। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने आज वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुये कहा, टाटाडॉटईवी भारत की ईवी क्रांति में सबसे आगे रहा है, न केवल विश्व स्तरीय इलेक्ट्रिक वाहन पेश करके, बल्कि देश भर में एक मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करके भी। भारत में ईवी के विकास को सक्षम करने के लिए, हमने प्रमुख सीपीओ के साथ साझेदारी में अगले दो वर्षों में चार्जिंग नेटवर्क को 400,000 से अधिक बिंदुओं तक विस्तारित करने का लक्ष्य रखते हुए 'ओपन कोलैबोरेशन 2.0' लॉन्च किया है। यह पहल चार्जिंग की गति, विश्वसनीयता और उपयोगकर्ता अनुभव को बढ़ाएगी, साथ ही सीपीओ की व्यवहार्यता में सुधार करेगी और उनकी वृद्धि को सुविधाजनक बनाएगी। चार्जिंग अनुभव को बढ़ाने के लिए, हम साझेदारी के माध्यम से प्रमुख शहरों और राजमार्गों पर टाटाडॉटईवी मेगा चार्जर्स इसके अतिरिक्त, ग्राहकों की चिंताओं को दूर करने और चार्जिंग इकोसिस्टम को अधिक सुलभ और भरोसेमंद बनाने के लिए एक एकीकृत चार्जिंग हेल्पलाइन और निर्बाध भुगतान समाधान पेश किया जा रहा है क्योंकि ईवी अपनाने में वृद्धि जारी है। विकास के अगले चरण को आगे बढ़ाने के लिए टाटा डॉटईवी ने 2023 में अपना ओपन कोलैबोरेशन फ्रेमवर्क लॉन्च किया, जिसमें चार्ज पॉइंट ऑपरेटर्स (सीपीओ) और ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) के साथ रणनीतिक साझेदारी की गई। इस सहयोग ने प्रमुख हॉटस्पॉट्स, विशेष रूप से राजमार्गों पर चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित किया।

सीएमडी, निदेशकों के पदों को तत्काल भरा जाएः पीएसईबीईए

एजेंसी

चंडीगढ़। पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन ने पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पीएसपीसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) और पीएसपीसीएल/पीएसटीसीएल में निदेशकों तथा पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन (पीएसईआरसी) में सदस्य (तकनीकी) की नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग की है।

पीएसईबीईए के महासचिव अजय पाल सिंह अटवाल ने गुरुवार को बताया कि एसोसिएशन ने बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा है कि राज्य के बिजली क्षेत्र के समक्ष मौजूद चुनौतियों तथा धान के मौसम की तत्काल तैयारियों को ध्यान में रखते हुए सीएमडी तथा निदेशकों की नियुक्ति की प्रक्रिया को तत्काल अंतिम रूप दिया जाए। पीएसपीसीएल के लिए सीएमडी तथा पीएसपीसीएल/पीएसटीसीएल के लिए निदेशकों की समय पर नियुक्ति न केवल पंजाब के नागरिकों के लिए कुशल तथा विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी, बल्कि आगामी तथा मांग वाले गर्मी के मौसम में बिजली क्षेत्र को चलाने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता भी प्रदान करेगी। उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने पिछले साल सितंबर में पीएसपीसीएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), निदेशक वितरण, निदेशक वाणिज्यिक, निदेशक मानव संसाधन और निदेशक तकनीकी (पीएसटीसीएल) के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। सीएमडी पीएसपीसीएल का प्रभार छह फरवरी को अस्थायी व्यवस्था के तौर पर सचिव (पावर) को दिया गया था। निदेशक (वितरण) और निदेशक (वाणिज्यिक) का कार्यकाल भी 28 फरवरी को समाप्त हो रहा है। उपलब्ध आंकड़ों और अनुमानित बिजली मांग के अनुसार, आगामी गर्मी का मौसम बिजली उत्पादन, ट्रांसमिशन और वितरण सहित बिजली के बुनियादी ढांचे पर काफी दबाव डालेगा। बढ़ती कृषि और घरेलू मांग से प्रेरित ऊर्जा की बढ़ती खपत, निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिजली क्षेत्र की क्षमता को चुनौती देगी। एसोसिएशन की चिंता सीएमडी पीएसटीसीएल के अत्यधिक तकनीकी पद के बारे में है जो पिछले 14 वर्षों से खाली है, और मुख्य विद्युत निरीक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका अभी भी खाली है। इसके अलावा, नियामक निगरानी को बनाए रखने के लिए सदस्य/तकनीकी पीएसईआरसी की नियुक्ति को तत्काल आधार पर अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, क्योंकि यह दो वर्षों से अधिक समय से लंबित है।

संक्षिप्त सामाचार

48 प्रतिशत लोगों को नकद मदद

नयी दिल्ली। श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को राज्यसभा में कहा कि देश में 48 प्रतिशत लोगों को सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत वित्तीय मदद दी जाती है। श्री मांडविया ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में बताया कि देश में 48 प्रतिशत लोग केंद्र सरकार से किसी न किसी तरह से वित्तीय मदद पाते हैं। इनमें विभिन्न पेंशन योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अगर खाद्य सहायता भी इसमें जोड़ दी जाए तो यह आंकडा 92 प्रतिशत तक हो जाता है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के पिछले एक दशक के कार्यकाल में देश में सामाजिक सुरक्षा का दायरा 18 प्रतिशत से बढ़कर 48 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यदि इसमें खाद्य सुरक्षा को भी शामिल करें, तो देश की 65 प्रतिशत आबादी यानी लगभग 92 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल रहा है। श्रम एवं रोजगार मंत्री ने कहा कि पेंशन का दायरा छोटे कारोबारी तथा अन्य लोगों में तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार इसके लिए जन जागरुकता अभियान चलाती है और विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम लोगों को पेंशन योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रोत्साहन देती है।

दक्षिण कोरिया ने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत को हराया

किंगदाओ (चीन)। बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप 2025 में भारत को ग्रुप डी के दूसरे मैच में गुरुवार को दक्षिण कोरिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। हार के बावजूद भारतीय बैडमिंटन टीम ने ग्रुप में दूसरे स्थान रहते हुए टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली हैं। आज यहां खेले गये मुकाबले में पेरिस 2024 ओलंपियन तनीषा क्रास्टो ने ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी को पहले मैच में जू डोंग की और इयुन ना जियोंग से 21-11, 12-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद मालविका बंसोड़ को जिन यू सिम से सीधे गेम में हार मिली और इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने 2-0 से बढ़त हासिल कर ली। सतीश करुणाकरण ने जियोनीओप चो पर 17-21, 21-18, 21-19 से जीत दर्ज कर मुकाबले में वापसी की। गायत्री गोपीचंद और त्रिशा जॉली की जोड़ी ने पहले गेम में हार का सामना करने के बाद वापसी करते हुए जी मिन किम और जंग यू किम को 19-21, 21-16, 21-11 से हराया और मुकाबले को 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद भारत को अब जीत दिलाने की जिम्मेदारी एमआर अर्जुन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी पर थी। दक्षिण कोरियाई जोड़ी भारतीय खिलाड़ियों पर शुरुआत से ही हावी रही। दूसरे गेम में अर्जुन और सात्विक की वापसी के लिए किए गए कई प्रयास किये। इसके बाद योंग जिन और सेउंग सुंग ने जोड़ी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 21-14, 25-23 से मैच जीत लिया।

टोरेंट समूह गुजरात टाइटंस में हासिल करेगा बड़ी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। खेल क्षेत्र में अपने प्रवेश को दर्शाते हुये टोरेंट ग्रुप ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी, गुजरात टाइटन्स में इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से 67 प्रतिशत की हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एक समझौता किया है। कंपनी ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, यह लेनदेन प्रथागत समापन शर्तों और अनुमोदन (बीसीसीआई सहित) के अधीन है। सौदे के हिस्से के रूप में, इरेलिया फ्रेंचाइजी में 33 प्रतिशत की पर्याप्त अल्पसंख्यक हिस्सेदारी बरकरार रखेगी।

लगातार सातवें दिन गिरा बाजार

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर अडानी पोर्ट्स, इंफ़ोसिस, टीसीएस और एसबीआई समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से आज शेयर बाजार लगातार सातवें दिन गिरावट पर रहा।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 32.11 अंक उतरकर 76,138.97 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 13.85 अंक फिसलकर 23,031.40 अंक रह गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में मिलाजुला रुख रहा, जिससे बीएसई का मिडकैप 0.07 प्रतिशत बढ़कर 40,788.11 अंक पर पहुंच गया जबकि स्मॉलकैप 0.43 प्रतिशत गिरकर 46,933.69 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4074 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2089 में गिरावट जबकि 1858 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 27 कंपनियों में बिकवाली जबकि 23 में लिवाली हुई। बीएसई के 11 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे सीडी 0.06, ऊर्जा 0.30, एफएमसीजी 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.16, आईटी 0.93, ऑटो 0.33, बैंकिंग 0.12, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.44, तेल एवं गैस 0.34, टेक 0.64 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.98 प्रतिशत लुढ़क गए। वहीं, हेल्थकेयर 0.50, दूरसंचार 0.25, धातु 1.26 और रियल्टी समूह के शेयर 0.72 प्रतिशत चढ़ गए।

भारत में आईजीसी व्यापार एवं निवेश परिषद का शुभारंभ

एजेंसी

मुंबई। भारत-ग्रीस-साइप्रस (आईजीसी) व्यापार एवं निवेश परिषद का आज यहां आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया गया, जो तीनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ।

यह ऐतिहासिक पहल सितंबर 2024 में यूरोबैंक एस.ए. और इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के बीच समझौते पर हस्ताक्षर के बाद की गई है। इस कार्यक्रम में ग्रीस और साइप्रस के राजदूतों के प्रतिनिधि और प्रतिष्ठित व्यापारिक नेता शामिल हुए, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष और जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल और यूरोबैंक एस.ए. के सीईओ फोकियन करावियास शामिल थे। हाल ही में शुरू की गई आईजीसी बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल का उद्देश्य बुनियादी ढांचे, शिपिंग, प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और एसएमई सहित विविध क्षेत्रों में व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देना और तीनों देशों की कंपनियों के लिए एक साथ काम करने और आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत मंच बनाना है।

सीमा पार व्यापार और निवेश को मजबूत करना भारत एक वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में उभर रहा है और ग्रीस और साइप्रस यूरोप के लिए रणनीतिक प्रवेश द्वार के रूप में काम कर रहे हैं, आईजीसी बिजनेस एंड इन्वेस्टमेंट काउंसिल व्यापार मिशनों, नीति संवादों और निवेश सुविधा के माध्यम से संरचित जुड़ाव को बढ़ावा देगी। यह पहल भारत की वैश्विक उपस्थिति के विस्तार और गहन अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता के अनुरूप भी है। श्री जिंदल ने परिषद के रणनीतिक महत्व पर कहा भारत-ग्रीस आर्थिक संबंध काफी गहरे हुए हैं, जो मजबूत व्यापार और बढ़ते निवेश प्रवाह से समर्थित हैं। 2022-23 में, भारत और ग्रीस के बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 1.9 अरब डॉलर होने का अनुमान है। मैं समझता हूं कि दोनों देश 2030 तक अपने व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखते हैं। वित्त वर्ष 2024 में साइप्रस से भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का अनुमान 80 करोड़ डॉलर था, जो अब भारत के कुल प्रवाह का लगभग 2 प्रतिशत है। हम ग्रीस और साइप्रस के व्यवसायों को भारत की परिवर्तनकारी पहलों, जैसे मेक इन इंडिया और डिजिटल इंडिया का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जबकि हम समुद्री बुनियादी ढांचे और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में आपकी विशेषज्ञता से सीखने के लिए तत्पर हैं। श्री करावियास ने व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने में वित्तीय क्षेत्र की भूमिका पर जोर देते हुए कहा भारत की गतिशील अर्थव्यवस्था सीमा पार निवेश और सहयोग के लिए अपार अवसर प्रस्तुत करती है। यूरोबैंक में, हम अपनी गहन विशेषज्ञता और मजबूत तालमेल का लाभ उठाते हुए भारतीय व्यवसायों के लिए एक रणनीतिक प्रवेश द्वार स्थापित करने के लिए आईसीसी टीम के साथ साझेदारी करने के लिए उत्साहित हैं। इस पहल के माध्यम से, हमारा उद्देश्य विशेष रूप से ग्रीस और साइप्रस में अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार करने के इच्छुक उद्यमों के लिए आवश्यक वित्तीय समाधान और रणनीतिक समर्थन प्रदान करना है। आईजीसी बिजनेस काउंसिल ऊर्जा, शिपिंग, पर्यटन, निर्माण और मनोरंजन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उच्च-संभावित अवसरों के साथ निवेशकों को जोड़ने में सहायक होगी, जिसमें प्रत्यक्ष हवाई संपर्क और बॉलीवुड सहयोग जैसे गहरे सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देना शामिल है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007



दिल्ली में 3 दिन में ही लोगों को गलती का अहसास हो गया

आतिशी का बिजली पर बड़ा दावा

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के साथ ही राजधानी में पावर कट लगने शुरू हो गए हैं। आतिशी ने दावा किया कि दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से सैकड़ों लोगों ने पावर कट की शिकायत की है और उन्हें इनवर्टर खरीदकर लाना पड़ रहा है। आतिशी ने कहा कि तीन दिन में ही लोगों को अपनी गलती का अहसास हो गया है।

आतिशी ने कुछ कागज दिखाते हुए दावा किया लोग सोशल मीडिया पर अपने इलाकों में बिजली कटने की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि तीन दिन में पावर सेक्टर का 24 घंटे बिजली का ध्वस्त होना दिखाता है कि आम आदमी पार्टी की सरकार हर दिन, एक एक घंटे पर पूरे बिजली सेक्टर को मॉनिटर कर रही थी। यह दिखाता है कि जैसे ही आम आदमी पार्टी की सरकार हटी है, पूरा पावर सेक्टर ध्वस्त हो गया है। मुझे अलग अलग हिस्सों से कॉल आ रहे हैं। उन्होंने कहा, कल रात मयूर विहार में लाइट कटी, मुझे सुबह कई लोगों के फोन आए। उन्होंने बताया कि वे इनवर्टर खरीदकर लाए हैं। आतिशी ने कहा, कई लोगों ने मुझे कॉल करके कहा कि तीन दिन में ही हमें अहसास हो गया कि शायद चुनाव में हमसे गलती हुई। आम आदमी पार्टी के जाते ही पता चल गया है कि भाजपा से सरकार नहीं चलती है। आज सुबह किसी ने मुझसे कहा कि आज तो हम इनवर्टर ले आए, लेकिन यदि फरवरी में इतने लंबे कट लग रहे हैं तो मई, जून, जुलाई में क्या होगा, जब साढ़े 8 हजार मेगावॉट से आगे पीक डिमांड जाएगी। भाजपा को सरकार चलानी नहीं आती। 1993 से 1998 में भी भाजपा पावर में थी, तब भी पावर सेक्टर का बुरा हाल था। आज 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है और उन सब राज्यों में बिजली का यही हाल है। आतिशी ने कहा कि बहुत दुख की बात है कि भाजपा चुनाव जीतने के बाद दिल्ली को यूपी बना रही है। जिस तरह यूपी में बिजली जाती थी दिल्ली का भी तीन दिन में वही हाल हो गया। शायद यही दिखाता है कि पढ़े लिखे लोगों की सरकार, जहां अरविंद केजरीवाल इंजीनियर हैं, उन्हें पावर सेक्टर चालाना आता है और दूसरी तरफ बिना-पढ़े लिखे, फर्जी डिग्रीवालों की सरकार। यह पूछे जाने पर कि वह अभी भी कार्यकारी मुख्यमंत्री हैं और भाजपा की सरकार बनी नहीं है, आतिशी ने कहा, '8 तारीख को ही काउंटिंग के समय इन लोगों ने आदेश जारी कर दिया था कि मंत्रियों के दफ्तरों पर ताला लगा दो, सचिवालय में ना घुसने दिया जाए, उनको कोई कागज-फाइल ना देखने दी जाए। अब साफ है कि भाजपा 8 तारीख से ही खुद सरकार चला रही है।

जनसुराज के कार्यकर्ता और पदाधिकारी तय करेंगे चुनाव का टिकट: प्रशांत

एजेंसी

पटना। जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बताया कि जो व्यक्ति उनकी पार्टी से चुनाव लड़ना चाहता है उसका मूल्यांकन पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारी करेंगे। श्री किशोर ने गुरूवार को आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी में उम्मीदवारों का चयन जनसुराज से जुड़े कार्यकर्ताओं और तीन स्तरों पर गठित समिति के मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा, न कि पार्टी के किसी एक नेता या समूह द्वारा। उन्होने बताया कि यह एक अनूठी पहल होगी, जहां भारत में पहली बार किसी राजनीतिक दल के उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से जनता की राय के आधार पर किया जाएगा। श्री किशोर ने आरोप लगाते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में किसे टिकट मिलेगा, यह दिल्ली में बैठे नरेन्द्र मोदी-अमित शाह तय करेंगे, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) में लालू प्रसाद यादव टिकट तय करेंगे और उनके फैसले का आधार सभी जानते हैं। इसी तरह जनता दल यूनाईटेड (जदयू) में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही तय करेंगे कि उनकी पार्टी से किसे टिकट दिया जाएगा। अन्य पार्टियों में टिकट शीर्ष नेतृत्व तय करता है और पार्टी से जुड़ा आम कार्यकर्ता और युवा सिर्फ पार्टी का झंडा लेकर चलेंगे, जबकि जनसुराज में पार्टी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को यह तय करने का अधिकार होगा कि पार्टी से कौन उम्मीदवार होगा और वे उसमें अपना मूल्यांकन भी दे सकेंगे।यही बात जन सुराज को अन्य पार्टियों से अलग बनाती है।

संक्षिप्त समाचार

अज्ञात चोरों ने मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर नकदी चुरायी

भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा शहर में पुलिस नियंत्रण कक्ष के नजदीक अज्ञात चोरों ने मेडिकल स्टोर के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चुराने का मामला सामने आया है। सूत्रों के अनुसार, स्टेशन चौराहा पर स्थित पुलिस कंट्रोल रूम से सटे हिंद मेडिकल स्टोर को बुधवार रात संचालक साढ़े दस बजे बंद कर घर चला गया। सुबह संचालक राजकुमार समदानी मेडिकल स्टोर पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। अंदर जाकर देखा तो गल्ला खुला था। सामान बिखरे पड़े थे। समदानी ने पुलिस में दर्ज करवाई रिपोर्ट में बताया कि मेडिकल स्टोर से चोर 70 से 75 हजार रुपये की नकदी, चांदी के सिक्के एवं अन्य सामान चुरा ले गया।

मीथेन गैस विस्फोट से तीन कोयला खनिकों की मौत

अयबक। उत्तरी अफगानिस्तान के समांगन प्रांत में बुधवार को एक कोयला खदान के अंदर मीथेन गैस विस्फोट के कारण तीन कोयला खनिकों की मौत हो गई। प्रांतीय पुलिस कार्यालय की ओर से गुरुवार को एक बयान के अनुसार यह घटना दारा-ए-सूफी बाला जिले में कोयला खदान की एक सुरंग के अंदर हुई, जिसमें तीन नाबालिगों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शव बरामद कर लिए हैं और उन्हें उनके परिजनों को भेज दिया है। इसी तरह, मंगलवार को एक दिन पहले उत्तरी बदख्शां प्रांत में भूस्खलन ने दो स्वर्ण खनिकों की जान ले ली।

पूर्व विधायक वल्लभनेनी को हैदराबाद से किया गिरफ्तार

हैदराबाद। आंध्र प्रदेश पुलिस ने 2023 में गन्नावरम में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) कार्यालय पर हमले के मामले में गुरुवार सुबह वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के नेता एवं गन्नावरम के पूर्व विधायक वल्लभनेनी वामसी को गिरफ्तार किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार श्री वामसी को शहर के रायदुर्ग स्थित उनके कार्यालय से हिरासत में लिया गया। उन्हें विजयवाड़ा स्थानांतरित किया जा रहा है, जहां सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। श्री वामसी 20 फरवरी, 2023 को तेदेपा कार्यालय पर हुए हमले में आरोपी बनाए गए 89 लोगों में से एक हैं।

राजद ने शब-ए-बरात की मुबारकबाद दी

पटना। राष्ट्रीय जनता दल ने शब-ए-बरात के अवसर पर प्रदेश और देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई-बहनों को मुबारकबाद दी है। राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री श्रीमती राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, सांसद डॉ. मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. कांति सिंह, जयप्रकाश नारायण यादव,राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो. मनोज कुमार झा, राज्यसभा सांसद संजय यादव,राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, सैयद फैसल अली, बिनु यादव,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, डॉ. तनवीर हसन, पूर्व मंत्री इसराइल मंसूरी, सुरेश पासवान, शिवचंद्र राम,प्रदेश के प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश कोषाध्यक्ष मो कामरान, विधान पार्षद मो कारी शोऐब,प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य नेताओं ने शब-ए-बरात की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह मुस्लिम भाइयों का एक पवित्र त्यौहार है।

तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस सरकार से मेट्रो किराया वृद्धि पर पुनर्विचार करने को कहा

एजेंसी

बेंगलुरु। कर्नाटक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद तेजस्वी सूर्या ने गुरुवार को कर्नाटक सरकार से अपील की है कि वह संबंधित अधिकारियों को पुन: पत्र लिखकर बेंगलुरु मेट्रो के किराए में हालिया बढ़ोतरी पर पुनर्विचार करने के लिए एक नई किराया निर्धारण समिति का गठन करने की मांग करे।

एयरो इंडिया 2025 में पत्रकारों से बात करते हुए, श्री सूर्या ने किराया वृद्धि की आलोचना की और इसे 'अवैज्ञानिक और तर्कहीन' बताया तथा आरोप लगाया कि इससे मध्यम वर्ग के यात्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ने किराया निर्धारण समिति के गठन का अनुरोध करते हुए अधिकारियों को पत्र लिखकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की। इसलिए, सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए और संबंधित अधिकारियों को फिर से पत्र लिखकर पहले की सिफारिशों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक नई किराया निर्धारण समिति बनाने का अनुरोध करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने इस महीने के शुरुआत में लागू की गई संशोधित किराया संरचना के बाद मेट्रो की सवारी में लगभग 50 हजार से 60 हजार की गिरावट आई है, जो किराया वृद्धि के खिलाफ जनता की नाराजगी को दर्शाता है। बीएमआरसीएल ने परिचालन लागत और वित्तीय स्थिरता को प्रमुख कारण बताते हुए यह वृद्धि की। यह वृद्धि कई वर्षों बाद हुई है, जिसके कारण विभिन्न स्लैब्स में दो-पांच रुपये तक किराया बढ़ा है। आलोचना का जवाब देते हुए, कांग्रेस नेताओं ने किराया वृद्धि का बचाव करते हुए तर्क दिया कि मेट्रो नेटवर्क की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक था।

ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए पुतिन से लंबी बात की

एजेंसी

वाशिंगटन। वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से लंबी बातचीत की और कहा कि दोनों रुस-यूक्रेन के युद्ध में हो रही लाखों लोगों की मौत को रोकने की बात पर राजी हुए है। श्री ट्रम्प और श्री पुतिन एक दूसरे के यहां की यात्रा करने पर भी सहमत हुए है और दोनों यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की से भी बात करेंगे। राष्ट्रपति श्री ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा मैंने अभी रुस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से एक लंबी और बड़ी उपयोगी बातचीत की है , हमने यूक्रेन मध्य पूर्व (पश्चिम एशिया) ऊर्जा , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस , डालर की ताकत और अन्य विभिन्न विषयों पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ उन्होंने दोनों देशों के महान इतिहास , द्वितीय विश्व युद्ध में मिलकर सफलतापूर्वक लड़ाई लड़ने और अपने-अपने देश की शक्तियों तथा एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने में संभावित बड़े लाभों पर चर्चा की। श्री ट्रम्प ने लिखा पर सबसे पहले हम इस बात पर सहमत हुए कि हम रुस-यूक्रेन की लड़ाई में लाखों लोगों की हो रही मौतों को रोकना चाहते है। श्री ट्रम्प ने कहा हम बड़े मेलजोल के साथ काम करने के लिए सहमत हुए है जिसमें हमारा एक दूसरे के यहां दौरा करने की बात भी शामिल है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ सहमति के अनुसार अमेरिका और रुस के अधिकारियों की टीमें तुरंत बातचीत शुरु करेगी और दोनों नेता आज की बातचीत के बारे में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की को जानकारी देने के लिए उन्हें फोन करेंगे। श्री ट्रम्प ने कहा कि यह काम वह तुंरत करने वाले है।

राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा है कि उन्होंने विदेश मंत्री मार्को रुबियु , सीआईए के निदेशक जॉन रेटक्लिफ , राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ज और विदेश राजदूत स्टीव विटकॉफ को बातचीत का सिलसिला शुरु करने को कहा है। उन्होंने यह भी कहा है मेरा दृढ़ मत है कि हम सफल होंगे एक ऐसी लड़ाई में दसियों लाख लोगों की मृत्यु हो चुकी है जो यदि मैं राष्ट्रपति होता तो नहीं होती लेकिन ऐसा हुआ , इसलिए यह समाप्त होना चाहिए और अधिक जीवन की क्षति नहीं होनी चाहिए। श्री ट्रम्प ने डेढ़ घंटे चली इस बातचीत के लिए समय निकालने और इसकी तैयारी करने के लिए श्री पुतिन को धन्यवाद दिया। उन्होंने उम्मीद जताई है कि जल्दी ही इसके सार्थक परिणाम आएंगे।

अरविंद केजरीवाल से मिले आदित्य ठाकरे

कहा- सरकारें आती-जाती रहती हैं लेकिन रिश्ता बना रहेगा

एजेंसी

नई दिल्ली। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और अन्य शिव सेना (यूबीटी) नेताओं से मुलाकात की। इसके बाद आदित्य ठाकरे ने कहा कि शिव सेना यूबीटी यहां उन्हें यह बताने आई थी कि सरकारें आती-जाती रहती हैं लेकिन हमारा रिश्ता बना रहेगा। दिल्ली की जनता जानती है कि उन्होंने पिछले 10 साल में क्या काम किया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव (दिल्ली में) में चुनाव आयोग की बड़ी भूमिका थी। चाहे वह इंडिया गठबंधन हो या सभी विपक्षी दल, हमें यह सोचना चाहिए कि हमारा अगला कदम क्या होगा क्योंकि हमारे लोकतंत्र में चुनाव अब स्वतंत्र और निष्पक्ष नहीं हैं। ठाकरे ने कहा कि मतदाताओं के नाम हटाने के मुद्दे पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है। हम इन मुद्दों पर व्यक्तिगत रूप से और टेलीफोन कॉल दोनों पर बात करते हैं। जो लोग फोन टैप कर रहे हैं उन्हें ये बात पता होनी चाहिए। इससे पहले इंडिया गठबंधन को लेकर आदित्य ठाकरे ने कहा था कि आज आपके देश का भविष्य संदेह में है। आज देश में मतदाता धोखाधड़ी और ईवीएम धोखाधड़ी के बीच हमें नहीं पता कि हमारा वोट कहां जा रहा है। क्या आज हमारे देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव हो रहे हैं? हमें लगता है कि हम लोकतंत्र में रह रहे हैं, लेकिन अब यह लोकतंत्र नहीं रहा। उन्होंने कहा कि जो हमारे और केजरीवाल जी और कांग्रेस के साथ हुआ, वही भविष्य में नीतीश जी, राजद और चंद्रबाबू जी नायडू के साथ भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन में संयुक्त नेतृत्व है। कोई एक नेता नहीं है। यह अहंकार या किसी के फायदे की लड़ाई नहीं है बल्कि देश के भविष्य की लड़ाई है। सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने एकनाथ शिंदे को सम्मानित करने के लिए शरद पवार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि मैं उनकी (शरद पवार) उम्र, वरिष्ठता और सिद्धांतों के बारे में बात नहीं करूंगा। हमारा सिद्धांत है कि हम ऐसे व्यक्ति (एकनाथ शिंदे) का कभी सम्मान न करें। उन्होंने (एकनाथ शिंदे) न सिर्फ हमारी पार्टी और परिवार को बल्कि महाराष्ट्र की रीढ़- राज्य में औद्योगीकरण को भी विभाजित कर दिया है।

कुंदुज में आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 8 हुयी

एजेंसी

काबुल। अफगानिस्तान के शहर कुंदुज में एक आत्मघाती हमलावर द्वारा किए गए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। अफगान आंतरिक मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी।

सलाम वतनदार रेडियो स्टेशन ने बुधवार को प्रवक्ता के हवाले से कहा, दुर्भाग्य से, कल हमने कुंदुज़ में एक दिल दहला देने वाली घटना देखी, जिसके परिणामस्वरूप मुजाहिदीन और नागरिकों सहित आठ लोग शहीद हो गए और कुछ घायल हो गए। प्रवक्ता ने कहा, घटना की जांच सुरक्षा बलों की कड़ी निगरानी में है और शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, इस भयावह अपराध की जड़ें देश के बाहर हैं। मंगलवार की सुबह एक आत्मघाती हमलावर ने कुंदुज़ में काबुल बैंक शाखा के बाहर खुद को उड़ा लिया, जहाँ सरकारी कर्मचारी अपना वेतन लेने के लिए एकत्र हुए थे। इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह (आईएस या आईएसआईएस, रूस में प्रतिबंधित) ने हमले की जिम्मेदारी ली।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना तौर राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ ने बिटिया की शिक्षा पूरी कराने हेतु बढ़ाया मदद का हाथ

शकुन टाइम्स संवाददाता

पालघर। जिले के बोईसर में एक प्रसिद्ध समाजसेवी संगठन राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ ने एक कदम और आगे बढ़ाते हुए आर्थिक तंगी से जूझ रही तारापुर आघोगिक क्षेत्र अंतर्गत तारापुर विघामन्दिर स्कूली व जुनियर कालेज में छात्रा को पढ़ाई के लिए मदत का हाथ बढ़ाकर और कोई बिटिया पढ़ाई को लेकर वंचित न हो इसके लिए आर्थिक सहायता कर राष्ट्रीय हिन्दू सेवा संघ ने बिटिया को प्रति परोपकार कर समाज में नई मिशाल कायम की है।

बतादें कि राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ पालघर जिले बोईसर में पिछले 7 वर्षों से लगातार सामाजिक, धार्मिक कार्यों में स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री भेंट, बीमार लोगों की मदत, रक्तदान, पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण, नि:शुल्क शीतल पेय जल वितरण, गौ सेवा इत्यादि जैसे अनेकों कार्य करते चला आ रहा है। वहीं बिटिया के उपर से पिता का साया हट जाने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रही बोईसर क्षेत्र की रहने वाली एक छात्रा की आर्थिक सहायता कर नई मिशाल पेश की है। राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित माली ने हमारे पालघर जिले शकुन टाइम्स संवाददाता मृत्युंजय पान्डेय के साथ बातचीत में बताया कि बिटिया की फीस जमा करने हेतु 12670 रुपए नकद तथा 12030 रुपए का धनादेश (चेक) लाडली बिटिया की मां को सौंप दिया गया है। इस नेक कार्य में प्रदेश अध्यक्ष ललित माली, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बेदाडे, यजुवेंद्र सावे, रोहित सिंह, पिंटू मिश्रा, रोशन पाठक, मुकेश पिंपले, विनोद पोद्दार, सूर्यानाथ मिश्रा के अलावा संघ अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्यों का विशेष योगदान रहा। और आगे भी कोई भी बिटिया पढ़ाई से वंचित नहीं रहेगी।

अमेरिकी सैन्य विमान सैन डिएगो खाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी सेना का एक विमान बुधवार को सैन डिएगो खाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। सैन डिएगो अग्निशमन विभाग ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने पुष्टि की है कि शेल्टर द्वीप के पास पानी में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में केवल दो पायलट सवार थे। दोनों पायलटों को बचा लिया गया है। अमेरिकी नौसेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की है कि विमान ई/ए-18 जी ग्रोलर था। प्रवक्ता के अनुसार, विमान चालक दल सुरक्षित रूप से बाहर निकल गया और उन्हें पानी से बाहर निकाल लिया गया। पायलटों को घटनास्थल पर ही अमेरिकी सीमा शुल्क एवं सीमा सुरक्षा नाव में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में, यूसी सैन डिएगो हेल्थ के हिलक्रेस्ट मेडिकल सेंटर ले जाया गया। अग्निशमन अधिकारियों ने घटनास्थल पर 60 कर्मियों को भेजा, जिनमें दो दमकल गाड़ियां, एक फोम ट्रक, पांच इंजन, एक हेलिकॉप्टर, दो नावें और एक लाइफगार्ड नदी दल शामिल था।